


दैनिक **सांध्य प्रकाश**

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 229/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 04 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




## शिवराज केबिनेट में लिए गए कई फैसले

# चमकविहीन गेहूं खरीदेगी सरकार खाद के लिए एडवांस भी मिलेगा



**भोपाल।** शिवराज केबिनेट ने आज बारिश में चमकविहीन हुए गेहूं की खरीद पर मुहर लगा दी। सरकार चमकविहीन गेहूं खरीदेगी और किसानों को खाद के लिए एडवांस भी दिया जाएगा। आज मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिए कि गेहूं का समर्थन मूल्य पर उपार्जन प्रारंभ हो रहा है, इसकी सभी व्यवस्था की निगरानी करें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि ओलावृष्टि और वर्षा से जो भी हो प्रभावित हुआ है, उसे भी केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया जाए। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राजस्व के नियमों के अनुरूप दी जाएगी। खाद का एडवांस भी किसानों को दिया जाएगा। साथ ही किसानों को फसल बीमा भी अलग से दिलाया जाएगा, यह भी सुनिश्चित किया जाए। वहीं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का तत्काल आकलन कर किसानों को राहत दी जाए। उन्होंने आश्वस्त किया है कि प्रदेश में कोई भी किसान जिसकी फसल प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई है, वह मुआवजे से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रविधान रखा गया है।

### प्रदेश में खुलेंगे 730 पीएमश्री स्कूल

सीहोर जिले के बुधनी में मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेज खोले जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी प्रशासकीय स्वीकृति। 714 करोड़ रुपये किए मंजूर। बैठक में प्रदेश में 730 पीएम श्री स्कूल खोलने के प्रस्?ताव को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। मध्य प्रदेश विशेष की ब्रांडिंग के लिए प्रदेश में बनाई जाने वाली फिल्मों को दिए जाने वाले विशेष अनुदान के प्रविधान को किया समाप्त। गेहूं उपार्जन सहित अन्य कार्यों के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और राज्य सहकारी विपणन संघ को 29000 करोड़ रुपए की गारंटी निशशुल्क देने का लिया गया निर्णय।

### लाड़ली बहना योजना बना जनअभियान

सीएम शिवराज ने बैठक के दौरान लाड़ली बहना योजना को लेकर भी चर्चा की। उन्?होंने कहा कि यह पहला अभियान ऐसा है जो जनता का अभियान बन गया है। न कहीं सर्वर डाउन हुआ। लोग सड़कों पर बैठ-बैठ कर लाड़ली बहना के आवेदन भर रहे हैं। अब तक 47 लाख 94 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। लगभग 50त्न के आस-पास आंकड़ा 03 तारीख को ही पहुंच गया था। कल बैतूल में लाडली बहना सम्मेलन था। लगभग वहां एक लाख बहनें थीं। बैतूल में इतनी बड़ी सभा आज तक नहीं हुई। एकदम उत्साह से भरे हुए थे। कार्यकर्ता भी लगे हैं, काफी बेहतर चल रहा है।

### शराब के 2611 अहाते बंद, 232 दुकानों को भी हटाया, सीएम शिवराज ने जताई खुशी

सीएम शिवराज ने अपने कैबिनेट सहयोगियों को बताया कि प्रदेश में 01 अप्रैल से अहाते बंद करने का आबकारी नीति में फैसला किया था। मुझे बताते हुए खुशी है कि उसको इंप्लीमेंट कर दिया। शराब के कुल मिलाकर 2611 अहाते बंद कर दिए गए हैं। धर्म स्थल, स्कूल इत्यादि के 100 मीटर के रेडियस में जो दुकाने आती थी ऐसी 232 दुकानें भी वहां से हटा दी गई हैं। हमने आबकारी नीति में तय किया था उसको हम लोगों ने इंप्लीमेंट कर दिया।

# भगवा पर क्या सिर्फ भाजपा का पेटेंट है: कमलनाथ

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ मंगलवार को इंदौर पहुंचे। अभय प्रशाल में कमल नाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा भगवा पर क्या सिर्फ भाजपा का पेटेंट है? हमारे यहां पुजारी प्रकोष्ठ बहुत पहले से है। मैंने हनुमान जी का मंदिर बनवाया है। हम धर्म की राजनीति नहीं करते हैं।

इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष पद को लेकर उन्होंने कहा कि शहर अध्यक्ष का फैसला जल्द ही किया जाएगा। हमारे संगठन की मजबूती मंडलम सेक्टर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर ही जनता के बीच जा रही है। हम इवेंट नहीं करते, हम जो वायदे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं।



# नरोत्तम बोले-कमलनाथ इमरजेंसी से निकले एक्सीडेंटल नेता

### नेता प्रतिपक्ष का पलटवार- बीजेपी नेता स्काई लैब की तरह ऊपर से गिरते हैं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कमलनाथ को इमरजेंसी का एक्सीडेंटल नेता बताया है। गृहमंत्री ने कमलनाथ के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें नाथ ने कहा था कि विधायकों की कोई कीमत नहीं होती। वे आते - जाते रहते हैं। जो जनता के बीच में काम करता है, उसकी वैल्यू होती है।



नाथ के इस बयान पर गृहमंत्री ने कहा, जिनकी निगाहों में राहुल गांधी की कोई कीमत ना हो, वे विधायकों की कीमत क्या आंकेंगे। इमरजेंसी का जो एक्सीडेंट था, ये (कमलनाथ) वहां से निकले हैं। इसलिए लोकतंत्र के मंदिर, जहां जनता चुन के विधायकों को भेजती है। यह जनता का अपमान है। विधायकों की कोई कीमत नहीं है... ऐसा कह कर जनता जनार्दन का अपमान कर रहे हैं। यह आप नहीं, आपका अहंकार बोलता है।

### नेता प्रतिपक्ष ने किया पलटवार

गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के बयान पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा, जो 40 साल से लगातार सांसद और विधायक हैं, केंद्र में मंत्री रहे हैं, वह एक्सीडेंटल नहीं हो सकता। यदि कोई एक्सीडेंटल है तो भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं, जो स्काई लैब की तरह ऊपर से गिरते हैं। कमलनाथ जी अंतरराष्ट्रीय नेता हैं। उनकी पूरे विश्व में साख है।

## मस्क ने ट्विटर का लोगो बदला, चिड़िया की जगह डॉग

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर मंगलवार को बड़ा बदलाव किया। उन्होंने ट्विटर का लोगो बदल दिया। नीली चिड़िया हटाकर एक डॉग को ट्विटर का लोगो बनाया है। मस्क ने एक ट्वीट में एक यूजर से कहा कि जैसा वादा किया था, वह पूरा किया। हालांकि ये बदलाव अभी केवल वेब वर्जन पर नजर आ रहा है मोबाइल ऐप पर नहीं।




अमेरिकी अरबपति मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में ट्विटर को खरीद लिया था। इसके बाद कई बड़े फैसलों को लेकर मस्क चर्चा में रहे। इनमें ब्लू टिक के लिए चार्ज, कर्मचारियों की छंटनी, सीईओ पराग अग्रवाल को हटाना शामिल रहे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर बिली मार्कस और जैकसन पालमर ने 2013 में बिटकॉइन जैसी अन्य क्रिप्टोकरेंसी का मजाक उड़ाने के लिए डॉजकॉइन की शुरुआत की थी। मस्क कई मौकों पर इसे अपनी पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी बता चुके हैं। मस्क ने डॉजकॉइन के सपोर्ट में फरवरी 2022 में कई ट्वीट किए थे। उस वक्त उन्होंने पहले ट्वीट में सिर्फ डीओजीई लिखा था।

## पवार बोले- अपने करिश्मे की वजह से 2014 में जीते थे मोदी, उनकी डिग्री पर सवाल उठाना गलत

**मुम्बई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार का साथ मिल गया है। पवार ने कहा कि मंत्रियों की डिग्री पर सवाल उठाना सही नहीं है। लोगों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि किसी नेता ने अपने कार्यकाल में क्या हासिल किया है। पवार ने पीएम मोदी का भी जिक्र किया। कहा कि 2014 में अपने करिश्मा की वजह से वह चुनाव जीते थे। डिग्री के आधार पर किसी ने उन्हें वोट नहीं दिया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा, साल 2014 में क्या जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी डिग्री के आधार पर वोट दिया था? उनका जो करिश्मा था, उससे उन्हें मदद मिली और वो चुनाव जीतें। उन्होंने कहा, अब वो नौ साल से देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी डिग्री के बारे में पूछना उचित नहीं है। हमें उनसे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल करना चाहिए। मंत्री की डिग्री कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है।

## आतंकी ग्रुप ने कश्मीर के आरएसएस नेताओं को धमकी दी

**श्रीनगर।** आतंकी ग्रुप द रेजिस्टेंस फ्रंट ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के संघ नेताओं को धमकी दी है। रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 लीडर्स के नामों की लिस्ट जारी की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक फ्रंट ने कहा है कि हम इन नेताओं का खून बहाएंगे। आतंकी ग्रुप की यह धमकी संघ प्रमुख मोहन भागवत के 1 अप्रैल को दिए गए बयान के बाद आई है। भागवत ने कहा था- आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। अखंड भारत एक सच था और बंटा हुआ भारत एक बुरा सपना।

# चीन ने अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले



**शिजियांग।** चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र की 11 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे।

चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है।

**ईटानगर के नजदीकी इलाके का नाम भी बदला-** चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक- सोमवार को चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने 11 नाम बदले जाने को मंजूरी दे दी। यह सभी इलाके जेंगनेन (चीन के दक्षिण राज्य शिजियांग का हिस्सा) में आते हैं। इनमें से 4 रिहायशी इलाके हैं। इनमें से एक इलाका अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से बेहद करीब है। 5 पहाड़ी क्षेत्र और दो नदियां हैं। चीन ने इन इलाकों के नाम मन्दारिन और तिब्बती भाषा में रखे हैं।

**2021 में भारत ने कहा था- नाम बदलने से सच नहीं बदलता-** 3 मार्च 2023 को 11 जगहों के नाम बदले जाने पर फिलहाल भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। लेकिन 2021 में चीन के ऐसे ही कदम का भारत ने भी करारा जवाब दिया था।

## हुगली में फिर हिंसा, अब रेलवे स्टेशन पर पथराव

**हुगली।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। हुगली के रिसड़ा इलाके में सोमवार देर रात रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव हुआ। पूर्वी रेलवे के अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात 10 बजे से 1 बजे तक हावड़ा-बैंडल रूट पर सभी लोकल, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। घटना के बाद रिसड़ा स्टेशन के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। वहीं, हुगली में हिंसा के बाद राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने दार्जिलिंग का अपना प्रोग्राम रद्द कर दिया है और कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं।

# बागेश्वर धाम सरकार के साईं बाबा के खिलाफ बयान पर हंगामा, एफआईआर की मांग

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के साईं बाबा को लेकर दिए बयान पर हंगामा हो गया है। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र की सियासत भी गरमा गई है। अब शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता राहुल कनल ने पुलिस को एक पत्र लिखा है, जिसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिवसेना नेता धीरेंद्र शास्त्री द्वारा साईं बाबा को लेकर की गई टिप्पणी से नाराज हैं। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाने वाले और कैबिनेट मंत्री राधाकृष्ण विक्खे पाटिल ने भी धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि उन्हें (धीरेंद्र शास्त्री) बाबा पर सवाल उठाने का क्या अधिकार है? अगर उन्हें किसी खास धर्म या संगठन के लिए कैंपेन करना है तो वह अपनी चार-दीवारी में रहकर यह काम करें पर ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान सांप्रदायिक हिंसा को जन्म दे सकते हैं।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी की बैठक हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत बैठक में राहुल गांधी और सीनियर लीडर मौजूद हैं। कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने वाले हैं।

बैठक में चुनाव कैंपेन और बाकी बची सीटों को लेकर घोषणा हो सकती है। पार्टी ने विधानसभा की 224 सीटों में से अब तक 124 सीटों पर कैंडिडेट के नाम तय कर दिए हैं। बाकी की 100 सीटों के लिए आज उम्मीदवारों का ऐलान होने की संभावना है। आज शाम या रात तक उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की जा सकती है। वहीं बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि कमेटी सबकी सहमति से फैसला लेगी। ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा जो जीत सकते हैं या कम से कम दूसरी पार्टी को टक्कर दे सकते हैं।




# महीनेभर में कोरोना के एक्टिव केस 7.5 गुना बढ़े

## छत्तीसगढ़ में गर्ल्स हॉस्टल में 19 छात्राएं पॉजिटिव मिलीं

**नई दिल्ली।** देश में पिछले एक महीने में एक्टिव केस में साढ़े 7 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 3 मार्च को एक्टिव मरीजों की संख्या 2 हजार 686 थी, जो सोमवार को बढ़कर 21 हजार 179 हो गई है। यह संख्या अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले 23 अक्टूबर को एक्टिव केस 20 हजार 601 थे। उधर, छत्तीसगढ़ के एक गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार को 19 छात्राएं संक्रमित पाई गई हैं। सभी को क्वारैंटाइन किया गया है। इन छात्राओं के संपर्क में आने वाली दूसरे छात्रों की भी जांच की जा रही है।

बीते 41 दिनों में कोरोना के एक्टिव केस में 959त्न की बढ़ोतरी हुई है। 22 फरवरी को देश में सिर्फ 2 हजार एक्टिव केस थे, जो 2 अप्रैल को 20 हजार से ज्यादा हो गए। कल यानी सोमवार को एक्टिव केस 21 हजार से ज्यादा हो गए। देश में फरवरी में रोजाना के नए केस 200 से कम थे। मार्च के पहले हफ्ते में डेली




केस का आंकड़ा 300 तक पहुंचा। 18 मार्च को 1071 केस दर्ज हुए। 29 मार्च के बाद से 3 हजार से ज्यादा डेली केस मिल रहे हैं। 3 अप्रैल को देश में कोरोना के 3038 नए मामले सामने आए। 2069 लोग इस बीमारी से ठीक हुए, जबकि 9 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा मामले केरल,हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट, दिल्ली और गुजरात से आ रहे हैं। इन राज्यों में एक्टिव केस एक हजार से ज्यादा हैं।

**केरल में 6 हजार, महाराष्ट्र-गुजरात में 2 हजार से ज्यादा एक्टिव केस-** मंगलवार को केरल में अकेले 964 संक्रमित मिले, जबकि दो लोगों की मौत हुई है। यहां एक्टिव केस सबसे ज्यादा 6 हजार से ऊपर हैं। इसके अलावा महाराष्ट और गुजरात में एक्टिव केस 2 हजार से ज्यादा हैं। महाराष्ट्र में मंगलवार को 248 नए मामले आए, जबकि 1 मरीज की मौत हो गई। वहीं, गुजरात में 231 नए संक्रमित मिले, 349 मरीज ठीक हुए। गनीमत रही किसी की मौत नहीं हुई। केरल में सबसे ज्यादा 4740 एक्टिव दर्ज किया गया। कोरोना के शुरुआती दौर से अबतक राज्य में 71 हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं।

**दुनियाभर में बढ़ रहे कोरोना केस-** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कोरोना के मामले सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में नए मामलों में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में नए मामले में 437 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और इसके लिए नया ओमिक्रॉन वैरिएंट एक्सबीबी1.16 जिम्मेदार है। यह वैरिएंट बीए 2.10.1 और बीए 2.75 का रिकंबाइंड है।

## राजगढ़ सांसद कोरोना पॉजिटिव, भोपाल में दूसरे दिन भी 10 से ज्यादा मरीज मिले

राजगढ़ सांसद रोडमल नागर कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। कॉन्टैक्ट में आए लोगों से जांच कराने को कहा। मध्यप्रदेश में सोमवार को 26 नए कोरोना पॉजिटिव मिले।एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 101 हो गई है। यह इस साल पहली बार है जब एक्टिव केस की संख्या 100 के पार गई है। इधर, भोपाल से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा मरीज यानी 14 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। इंदौर से 5 नए मामले सामने आए हैं। प्रदेश में अलग - अलग सेंटर पर 1496 लोगों ने कोरोना सैंपल दिए थे। इससे पहले 2 अप्रैल को प्रदेश भर में कोरोना के 35 नए मरीज मिले थे। सबसे ज्यादा 27 मरीज भोपाल में मिले थे। 51 जिलों में 3 अप्रैल को वैक्सीन के सिर्फ 4 ही डोज लगे। यह 4 डोज भी सिर्फ भोपाल में ही लगे हैं। बाकी 51 जिलों में कहीं भी 3 अप्रैल को वैक्सीन नहीं लगी। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 13,39,37,262 वैक्सीन के डोज लग चुके हैं वहीं भोपाल में इसकी संख्या 49,36,361 है। मध्य प्रदेश में जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट भी नहीं हो रहे हैं। करीब साल भर पहले संचालक लोक स्वास्थ्य ने प्रदेश के सभी कलेक्टर, सभी मेडिकल कॉलेज के डीन, सीएमएचओ, सिविल सर्जन को निर्देश दिया है। कहा है कि वे अपने यहां कोविड की आरटी-पीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव आने वाले संक्रमितों की अनिवार्य रूप से जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल भिजवाए।

## महापौर ने किया सड़क के सीमेंट कांक्रीटीकरण का भूमिपूजन



**भोपाल ।** महापौर मालती राय ने वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत दानापानी रोड स्थित लक्ष्मण नगर में सड़क के सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य का शुभारंभ भूमिपूजन कर किया। नगर निगम द्वारा लगभग 15 लाख 75 हजार रूपये की लागत से लक्ष्मण नगर में हनुमान मंदिर क्षेत्र सीमेंट कांक्रीटीकरण कराया जा रहा है। महापौर श्रीमती मालती राय ने सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य का अवलोकन भी किया और मानकस्तर की गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं महापौर परिषद की सदस्या श्रीमती सुषमा बावीसा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## संगीतमय सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन 6 अप्रैल को

**भोपाल।** हर वर्ष की इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पुन: संगीतमय सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर सनसिटी गार्डन के पीछे हलालपुरा बस स्टैंड भोपाल में 6 अप्रैल को किया जा रहा है। सुबह 10 बजे गुफा मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। उक्त आयोजन में शामिल होने की अपील संयोजक शैलेंद्र रैना (सोनू), राकेश यादव, धर्मेंद्र शर्मा, अल्लू यादव, विष्णु शर्मा, पीयूष मालवीय, गुलशन कुशवाह, बाबू यादव आदि ने की है।

# सरकारी क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण एजेंडे को आगे बढ़ा रही सरकार : वेंकटचलम

### मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन का हुआ राज्य स्तरीय अधिवेशन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईजश एसोसिएशन का 29 वां अधिवेशन आज समन्वय भवन भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के महासचिव साथी सी एच वेंकटचलम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह, विशेष अतिथि के रूप में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड मोहम्मद नजीर कुरेशी, मध्य प्रदेश बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव साथी अरविंद पोरवाल एवं स्वागत समिति के चेयरमैन के रूप में कामरेड रमाकांत श्रीवास्तव उपस्थित थे।

कामरेड वेंकटचलम ने उद्घाटन भाषण में कहा कि सरकार सरकारी क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के एजेंडा को आगे बढ़ा रही है। इसके विरोध में बैंक कर्मचारी कई राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर चुके हैं। सरकार ने यदि अपने एजेंडे को विराम नहीं दिया तो आगे आने वाले दिनों में और हड़तालें की जाएंगी। वर्तमान में बैंकिंग उद्योग में आम आदमी का करीब 177 लाख करोड़ रूपया जमा है इस राशि के ऊपर बड़े बड़े कारपोरेट की निगाह लगी हुई है । यह लोग बैंकों का निजीकरण होने पर बैंकों के मालिक बन इस राशि का दोहन अपने निजी स्वार्थ के लिए करेंगे। वर्तमान में बैंकों की मुख्य समस्या बढ़ते हुए खराब ऋण हैं।

हमारी सरकार से मांग है कि जानबूझकर बैंक ऋण चुकाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाया जाए। जानबूझकर ऋण नहीं चुकाने वालों को अपराधी घोषित किया जाए। खराब ऋणों की वसूली के लिए कठोर एवं कारगर कदम उठाए जाएं। कम रेट हरिद्वार सिंह केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए बैंक कर्मियों को आह्वान किया कि आगे आने वाली ट्रेड यूनियनों द्वारा की जाने वाली हड़ताल में वे बढ़-चढ़कर भाग ले।

आगामी सत्र के लिए कार्यकारिणी के चुनाव हुए जिसमें सर्वसम्मति से साथी मोहन कृष्ण शुक्ला चेयरमैन, साथी जेपी झवर, साथी यू एस वर्मा ,साथी एम जी शिंदे वाइस चेयरमैन ,साथी दीपक रत्न शर्मा अध्यक्ष एवं साथी वी के शर्मा महासचिव निर्वाचित हुए। अधिवेशन स्थल खचाखच भरा हुआ था जिसमें करीब 1000 से ज्यादा बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## कल होने वाले झूलण जो मेलो कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

**संत हिरदाराम नगर।** झूलण जो मेलो कार्यक्रम के संयोजक व अखिल भारतीय सिंधी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया कि 5 अप्रैल को होने वाले महोत्सव के कार्यक्रम के लिए सोमवार को स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की आरती से कार्यक्रम की शुरुवात की जाएगी। जगदीश आसवानी ने झूलण जो मेलो उत्सव में होने वाले अनेकों रंगारंग कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से बताया कि कार्यक्रम में सिंध प्रांत पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी और हेमू कालाणी के जीवन पर आधारित सिंधी नाटक का मंचन किया जाएगा। कलाकारों का जैसे मुख्य अंतराष्ट्रीय सिंधी हास्य कलाकार परमानंद प्यासी,मशहूर कलाकार जूनियर अमिताभ बच्चन, मशहूर सिंगर प्रिया ज्ञानचंदानी व फेमस कशिश तलरेजा डांस की सुंदर प्रस्तुति देंगी, आने वाले सभी मेहमानों को झूलेलाल के चित्र का कैलेंडर सम्मान स्वरूप भेंट किया जाएगा।



**अपने इष्टदेव भगवान झूलेलाल की आरती से होगी कार्यक्रम की शुरुवात**

## कमाली मंदिर ट्रस्ट ने की परिषद से शराब दुकान हटाने की मांग




**भोपाल।** हमीदिया रोड स्थित कमाली मंदिर परिसर में शराब दुकान पर मंदिर के ट्रस्ट ने आपत्ति जताई है। ट्रस्ट समिति भोपाल के कार्यवाहक अध्यक्ष बृजेश शर्मा ने बताया कि परिसर स्थित दुकान क्रमांक 2 और 3 किराएदार राजीव खुराना ने लिखित एग्रीमेंट करके स्वयं निजी विशेष के लिए दुकान ली थी लेकिन यहां पर शराब दुकान खोल दी। इस पर उसकी किराएदार ही समाप्त कर दी गई पर 1 साल में यहां पर शराब दुकान संचालित होने से मंदिर परिसर में आने वालों परेशानी हो रही है। ऐसे में यहां से शराब की दुकान हटाई जाए। शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों को जानकारी दी है कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिषद एवं आसपास शराब दुकान खोलने की अनुमति नहीं दी जाए।

## निगम की लापरवाही से लग रही आदमपुर छावनी कचरा खंती में आग: विष्णु विश्वकर्मा

**भोपाल।** रायसेन रोड के आदमपुर छावनी गांव स्थित कचरा खंती में एक बार फिर से आग लग गई कचरे में लगी आग बढ़ने से आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया और रहवासी दहशत में आ गए। कांग्रेस नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा ने बार बार हो रही आगजनी पर चिंता जताते हुए इस घटना को निगम की लापरवाही बरतने का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जहां कचरा खंती में आग लगी हो, इसके पहले भी कई बार आग लग चुकी है। यदि समय रहते कोई पुख्ता व्यवस्था ना की गई तो यह आग किसी भी दिन विकराल रूप ले लेगी और क्षेत्र के लिए बड़ी हानि का कारण बन जाएगी। भोपाल नगर निगम को आड़े हाथों लेते हुए विष्णु विश्वकर्मा ने कहा कि रहवासी क्षेत्र के बीच असुरक्षित कचरा खंती एक बड़ी समस्या है, और कचरे में बार बार लगने वाली आग इस खतरे को कई गुना बढ़ा रही है। गर्मी के मौसम में यदि आग लग जाये तो तेज हवा के चलते आसपास के बड़े इलाके में आग फैलने का खतरा भी बना हुआ है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा ने निगम को तय समय सीमा में क्षेत्रवासियों की जान माल की सुरक्षा के बंदोबस्त करने की मांग की।

# महाकाल 11 ने हजारों दर्शकों के बीच जीता सिंधी प्रीमियर लीग 2023 का खिताब




**संत हिरदाराम नगर।** सिंधु सेना द्वारा बाबे आली स्टेडियम में आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग 6, नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच यूसीसी इलेवन वर्सेस महाकाल इलेवन के बीच हुआ। महाकाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और 10 ओवर में यूसीसी को 73 रन पर रोका जवाब में महाकाल इलेवन ने 9 ओवर 2 बॉल में जीत लिया। सुमित ने 27 रन की पारी खेली उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व महापौर आलोक शर्मा ने उपस्थित होकर विजेता टीम महाकाल 11 को प्रथम पुरुस्कार रुपए 51,000 और ट्रॉफी, उपविजेता टीम यूसीसी 11 को रुपए 21,000 व ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया। उन्होंने सिंधी समाज के युवाओं को सिंधु सेना द्वारा खेल से जोड़ने और उचित प्लेटफार्म देने के लिए बधाई देकर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने भोपाल से भी कोई खिलाड़ी नरेंद्र हिरवानी बने ऐसी शुभकामनाए प्रेषित की।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया सिंधी प्रीमियर लीग में भाग लेने वाली 16 टीमों के खिलाड़ियों में एक टीम सिंधु सेना की बनाकर पूरे देश में कही भी सिंधी प्रीमियर लीग होगा उसमे भाग लेगी,जिसका पूरा व्यय सिंधु सेना करेगी। पहला सेमीफाइनल यूसीसी इलेवन वर्सेस नर्मदा पुरम 11 के बीच हुआ नर्मदा पुरम इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और यूसीसी को 87 रन पर 10 ओवर में रोका जवाब में नर्मदा पूरम 70 रन ही बना पाई यूसीसी के चिंटू ने 3 विकेट लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया।

दूसरे सेमीफाइनल में महाकाल 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और गेम सिंगर को 10 ओवर में 132 रन पर तनी ने 58 रन की पारी खेली जवाब में महाकाल 11 ने 9 ओवर 2 बॉल में मैंच जीत लिया निलेश ने 70 रन की पारी खेली उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज महाकाल के निलेश को दी गई। बेस्ट बॉलर यूजीसी के चिंटू को दी गई। बेस्ट बैट्समैन यूसीसी के जीतू वासवानी को दिया गया। बेस्ट फील्डर यूसीसी के चिराग लखानी को दिया गया।

## एम-3 ग्रुप के हंगामा हो गया में खड़े रहे दर्शक




**भोपाल।** रविन्द्र भवन में एम-3 ग्रुप की सुप्रसिद्ध संगीतकार एवं गायक कलाकारों द्वारा सम्पन्न हुई संगीतमयी प्रस्तुति ''हंगामा हो गया... को मिली अपार सफलता को लेकर एम-3 ग्रुप (ग्रुप ऑफ महेश इंटरप्राईज़ेज) के आयोजक दिनेश गर्ग एवं अरविंद दयाल शर्मा सहित संयोजक सुनील सिंह एवं मनोज महावर ने बताया कि भारतीय सिनेमा के सुप्रसिद्ध कलाकारों की स्मृति में ग्रुप के सातवें संगीतमयी आयोजन के मुख्य अतिथि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल एवं मंडीदीप के महाप्रबंधक कैलाश मानेकर की उपस्थिति में प्रसिद्ध सिंगर वॉइस ऑफ रफी अशोक सिंह ने ओ फिरकी वाली तू कल, संगीतगुरु राजू राव ने चलो एक बार फिर से, प्रसिद्ध सिंगर वॉइस ऑफ किशोर अरविन्द दयाल शर्मा ने हाल क्या है दिलों का, तौशीफ खान ने आजकल याद कुछ ओर रहता नहीं की प्रस्तुति दी।




## सिंधु सेना ने इंदौर में हुई दुर्घटना पर दिवंगत आत्माओं को दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** इंदौर में काल कलवित हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और घायल हुए जन की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर प्रांतीय सिंधु सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने सिंधी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के प्रारंभ से पूर्व सभी टीमों के खिलाड़ी गण और विख्यात गायक जतिन उदासी, जबलपुर विधायक अशोक रोहाणी, भगवानदास ढालिया,दर्शन कुकरेजा,अनिल थारवानी,ललित लक्ष्मानी,नरेंद्र सिंह ठाकुर,यशपाल तनवानी, विकास वाधवानी,नरेश गोलानी आदि उपस्थित थे।

## बाबा सुखधाम आश्रम मुगलिया हाट में भंडारे का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी के समीप स्थित मुगलिया हॉट ग्राम में बाबा सुखधाम आश्रम पर वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहब का पाठ हुआ एवं भंडारे का आयोजन किया गया प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को बाबा सुखधाम स्वामी की पुण्यतिथि पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। भोपाल नरसिंहपुर नरसिंहगढ़ रोड पर स्थित ग्राम मुगालिया हॉट आयोजित किए जाने वाले भंडारे का 45 वर्ष आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के गांव से श्रद्धालु सम्मिलित हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए इसमें विधायक विष्णु खत्री नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष अवनीश भार्गव जिला पंचायत अनिल हाड़ा जनपद सदस्य मोहन जाट सरपंच धर्मेंद्र मीणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इसमें सम्मिलित हुए 31 मार्च से शुरू इस कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ एवं भोज प्रसादी व भंडारे का आयोजन किया गय बाबा सुखधाम स्वामी प्रबंध कारिणी अध्यक्ष साकेत नगर भोपाल निवासी मनजीत सिंह सरदार ने बताया कि आश्रम पर पिछले 45 वर्षों से प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाता ह। कार्यक्रम में भजन लाल विश्वकर्मा गुलाब सिंह मीणा राकेश विनोद मीणा ब्रज मीणा प्रेम नारायण मीणा राधे कृष्ण राज ठाकुर मनोहर मीणा का विशेष सहयोग रहा।

## टॉपरैंकर्स ने छात्रों को सशक्त बनाने के लिए, किया उड़ान का आयोजन




**भोपाल।** भारत में प्रमुख डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों में से एक, टॉपरैंकर्स ने छात्रों को 360-डिग्री कैरियर मार्गदर्शन मुहैया कराने के लिए 2अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जयपुर, जोधपुर, जबलपुर, नागपुर और लखनऊ में टॉपरैंकर्स उड़ान - योर नेक्स्ट स्टेप टुवार्ड्स अ सक्सेसफुल करियर (एक सफल करियर की दिशा में आपका अगला कदम) की सफलतापूर्वक मेजबानी की। यह आयोजन खासतौर से दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं और ड्रॉपर (परीक्षा छोड़ने वाले) छात्रों पर केंद्रित था जो करियर से संबंधित अनिश्चितता से जूझ रहे है। विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली इस कार्यशाला में छात्रों को जानकार निर्णय लेने में मदद करने और करियर के उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम बनाने वाले विविध पहलुओं को शामिल किया गया। टॉपरैंकर्स उड़ान (94.3 एफएम द्वारा प्रायोजित) की शुरुआत चयन और निर्णय पर व्यापक ध्यान देने के साथ हुई। इसमें छात्रों को कई विषयों के बारे में शिक्षित किया गया। इसे वे 10वीं के बाद की पढ़ाई और आकर्षक कैरियर विकल्प के रूप में आजमा सकते हैं एक समृद्ध भविष्य बना सकते हैं। कार्यशाला में कहां से शुरू करें पर भी जोर दिया गया, जिसमें छात्रों को यह बताया गया कि उन्हें कौन सी परीक्षा देनी चाहिए और कब तैयारी शुरू करनी चाहिए। छात्रों को कानून, डेटा विज्ञान, प्रबंधन, मनोविज्ञान आदि जैसे नए युग के करियर विकल्पों और उनसे जुड़े अंतहीन अवसरों के बारे में भी बताया गया।

## ग्रेविटी टाइटन को 6 विकेट से हराया

**भोपाल।** आईपीएल टी 20 इंटर कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया में ग्रेविटी टाइटन को 6 विकेट से हराया। प्रतियोगिता के पहला सेमीफाइनल मुकाबले में गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिसमें ग्रेविटी टाइटल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 19. 2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। जिसमें अखिलेश मार्को ने 23 गेंदों में 30 पवन पांडे ने 24 गेंदों में 39 एवं अंकित यादव ने 12 गेंदों में 16 रनों का योगदान दिया। गोविंदपुरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए ह्रदेश दिवेदी ने 4 ओवर में 21 रन देकर 4,राहुल ने 3.2 ओवर में 19 रन देकर 2 एवं दुष्यंत ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 सफलता अर्जित की। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया की टीम ने निर्धारित 16.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर हासिल कर लिया। जसमें विकास विश्वकर्मा ने 35 गेंदों में 50,एवं ह्रदेश द्विवेदी ने 32 गेंदों में 38 रनों का योगदान दिया ग्रेविटी टाइटल की ओर से पुष्पेंद्र सिंह ने 3 ओवर में 16 रन 1 सफलता प्राप्त की। इस प्रकार गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया ने मुक़ाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया है।

## चर्च से निकाला जुलूस, की विशेष प्रार्थना

भोपाल। राजधानी के सेंट जॉन चर्च से पाम संडे के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जुलूस निकाला गया जिसमें श्रद्धालु खजूर की डाली लेकर चल रहे थे ईसाई समाज के पवित्र सप्ताह की शुरुआत पांडे से होती है जिसमें गुड फ्राइडे मिस्टर पर्व मनाया जाता है सेंट जॉन चर्च पर आयोजित विशेष प्रार्थना में फादर अनिल मार्टिन ने कहा कि पूरे विश्व में नफरत को प्रेम से बुराइयों को अच्छाई जीतने का संदेश मिलता है।



**ईसाई समुदाय ने पाम संडे के साथ पवित्र सप्ताह में प्रवेश किया** : मसीही समाज के पवित्र सप्ताह का आगाज़ 2 अप्रैल को शहर के सभी चर्चों में खजूर रविवार मनाये जाने से हुआ , जिसके बाद पवित्र गुरुवार, गुड फ्राइडे और अगले रविवार ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। आर्चबिशप ए.ए.एस. दुरईराज एसवीडी ने इन्फेंट जीसस चर्च, अयोध्या बाई पास रोड, भोपाल में पाम संडे जुलूस के साथ कई विश्वासियों के बीच पवित्र यूखरिस्त समारोह का नेतृत्व किया। अपने संबोधन में आर्चबिशप ने विश्वासियों से पवित्र सप्ताह सेवाओं की सार्थक भागीदारी से जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए कहा। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि वे यीशु के दुखभोग और मृत्यु को इस प्रकार न लें जैसा कि 2000 साल पहले हुआ था, लेकिन इसे इस रूप में लें कि वह हमारे सभी पापों के लिए एक बार फिर मर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पृथ्वी पर ईश्वर के राज्य को स्थापित करने के लिए न्याय और शांति के वाहक बनने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी के प्रति जागरूक बने रहने के लिए कहा। बाइबिल के अनुसार, जब यीशु ने येरूसालेम में प्रवेश किया, तो भीड़ ने रास्ते में जैतून की शाखाओं से उनका स्वागत किया था ।

# रिश्तों की मर्यादा खत्म कर रही वेब सीरीज: देवकीनन्दन ठाकुर

## महाराज बोले-प्रदेश की सरकार महिलाओं के हित में अच्छा काम कर रही, भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**





शांतिदूत धर्मरत्न देवकीनन्दन ठाकुर भगवत कथा के दूसरे दिन भारतीय संस्कृति और संस्कारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वेब सीरीज रिश्तो की मर्यादा तार-तार कर रही है। वेब सीरीज मोबाइल पर उपलब्ध है और इससे युवा अमर्यादित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश समेत सभी सरकारों को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि धर्म आधारित राजनीति बहुत जरूरी है जिस राजनीति में धर्म का आचरण नहीं होगा वह घोटालों से युक्त होगी। धर्महीन राजनीति से दुर्योधन पैदा होते हैं और धर्म युक्त राजनीति से धर्मराज बनते हैं।

महाराज के पावन सानिध्य में विश्व शांति सेवा समिति भोपाल एवं मध्य प्रदेश भाजपा मंत्री राहुल कोठारी के संयोजकत्व में भोपाल में 2 से 8 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की शुरूआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज श्री ने सभी भक्तगणों को तू राधे-राधे बोल कष्ट मिट जायेंगे भजन श्रवण कराया। महाराज श्री ने कहा कि हमारे देश में ये चलन हो गया है, जिसे भी बड़ा नेता बनना हो वो भगवान राम को गाली दे देता है। वो गाली देते हैं क्युकी हम सब कुछ चुप चाप सुन लेते हैं , लेकिन अब चुप नहीं रहना है बल्कि जवाब देना है। सामने वाला जिस भाषा में समझे उसी भाषा में समझाओ। इसीलिए याद रखो पहले किसी को छेड़ो मत और अगर कोई आपको छेड़े तो उसे जवाब दो।

**अभिमान करोगे तो सबकुछ बेकार हो जाएगा:** जिसका कर्म अच्छा है वो अच्छा है, जिसका कर्म बुरा है वो बुरा है। जो मनुष्य श्रीमद् भागवत कथा नियम और विधि के साथ श्रवण करते हैं उन लोगों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। वो जो भी भगवान से पाना चाहते हैं मांगते हैं भगवान उनको वही देता है।

**दुनिया की हर चीज झूठी है केवल भगवान का भजन सच्चा है:** हमें अपने हर बच्चे से हनुमान चालीसा का पाठ करवाइए और झूठे मुंह तुम्हारे बच्चे कभी भी घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। आजकल इस बात का ध्यान नहीं रखते लोग अरे क्या ध्यान रखेंगे बाजार में जाकर मुंह झूठा करके आते हैं वही खा पी के आते हैं। कुल्ला करके भी नहीं आते। आप अपने जीवन में परेशानी नहीं चाहते तो थोड़ी सावधानी आपको रखनी चाहिए, मीठा खाकर कभी नहीं निकलते। ध्यान रखें, स्त्रियां भी बुरी होती है, पुरुष भी बुरे होते हैं, पर सब न बुरे होते ना सब अच्छे होते हैं। जिसका कर्म जैसा है वह अच्छा बुरा होता है।

महाराज देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि आज कल वेब सीरीज में हर रिश्ते के साथ गंदगी दिखाई जा रहे हैं, मैं पत्रकार बंधुओं से भी एक आग्रह करता हूं इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए, आप समाज के लोगों से प्रार्थना करता हूं कि इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए। पूरी जोर से इसका विरोध कीजिए, जब व्यासपीठ के अगेंस्ट आवाज उठा सकती है तो समाज के हर एक व्यक्ति को इसकी आवाज उठानी चाहिए। अगर आप लोगों ने आवाज नहीं उठाई तो यह रिश्तो को खा जाएगी। वेब सीरीज बर्बाद कर देगी और स्त्री को सिर्फ पदार्थ साबित कर देंगे, जिसकी शक्ति का पूजन अभी-अभी किया है, अभी नवदुर्गा गए हैं हमने देवियों का पूजन किया कन्याओं का पूजन किया और सारे रिश्ते खत्म हो रहे हैं। बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि सब को सद्बुद्धि दें।

# लोधा लोधी लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल का कार्यकाल बढ़ा

### अखिल भारतीय महासभा की बैठक में लिया गया निर्णय

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा की एक दिवसीय बैठक भोपाल के ई 45 बंगले में हुई। अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा की बैठक में प्रादेशिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सर्वसमति से प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल का कार्यकाल बढाया गया।

बैठक में समाज की सक्रिय भागीदारी के लिए सभी जिलों के प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में 9 अप्रैल को मानस भवन भोपाल में आयोजित महिला सम्मेलन एवं 27 अप्रैल को नरसिंहपुर में राष्टींय व प्रदेश कार्यकारिणाी की बैठक और जनप्रतिनिधियों का सम्मौन तथा 28 अप्रैल को राजा हिरदेशाह की जयंती के अवसर पर नरसिंहपुर में विशाल आम सभा एवं राष्ट्रीय अधिवेशन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पिछले महीने प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के नेतृत्व में 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को दिया गया था, उसकी 50 प्रतिशत मांगों पर काम शुरू हो गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए लोधी समाज को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोधी समाज का इतिहास शौर्य से भरा है। हमें समाज को कुरीति, नशाखोरी और अंधविश्वास से मुक्त कराने की जरूरत है।

बैठक में राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, भानुप्रताप सिंह राष्टीय महासचिव, श्रीमति कांति पटैल राष्टीय महिला अध्यक्ष, रघुवीर सिंह लोधा, विजय सिंह पडरिया, प्रीतम सिंह लोधी महामंत्री, महेश नरवरिया युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यअक्ष, श्रीमति कमलेश वर्मा, श्रीमति वर्षा लोधी, हरी सिंह वर्मा सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहेद्य

19 आईएएस अफसरों के तबादले

# कौशलेंद्र विक्रम सिंह बने भोपाल के नए कलेक्टर

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



भोपाल। प्रदेश शासन ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुछ अधिकारियों के तबादला आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें पहला नाम भोपाल कलेक्टर और 2009 बैच के आइएएस अधिकारी अविनाश लवानिया का है, जिन्हें जल निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है। जबकि उनकी जगह 2010 बैच के आइएएस अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भोपाल कलेक्टर पदस्थ किया गया है।

बनाई थी मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना आइएएस अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह मूलत: हरदोई, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वह पूर्व में ग्वालियर कलेक्टर के पद पर कार्यरत थे, इसके बाद उनका तबादला करते हुए उन्हें अपर सचिव, मुख्यमंत्री एवं अपर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम भोपाल अतिरिक्त प्रभार पदस्थ किया गया था। उन्होंने लंबे समय तक ग्वालियर में कलेक्टर का कार्यभार संभाला था, वह कांग्रेस और भाजपा दोनों के समय कार्यरत रहे। उन्होंने दिव्यांगों को राशन देने के लिए मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना की शुरुआत की थी, जिसकी खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरहाना की थी। हाल ही में उनका मुख्यमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मान भी किया गया था।

**अविनाश लवानिया ने कोरोना काल में निभाई अहम भूमिका**



भाजपा सरकार बनने के बाद ही जून 2020 में 2009 बैच के आइएएस अधिकारी अविनाश लवानिया को भोपाल कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी थी। तब कोरोना महामारी जैसी चुनौती सामने थी। उन्होंने कोरोना काल में अहम भूमिका निभाई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तक आमजन के लिए कोरोना से बचाव के बेहतर प्रयास किए। स्वास्थ्य सेवाओं, कोरोना टीकाकरण आदि का बेहतर संचालन कराया। इससे पहले वह भोपाल निगमायुक्त, खाद्य संचालक, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के एमडी, उज्जैन निगमायुक्त और नर्मदापुरम कलेक्टर भी रह चुके हैं।

सरकार की तरफ से कुल 19 आईएएस के तबादले किए गए है। इसमें 7 जिलों के कलेक्टर को बदला गया है- अविनाश लवानिया कलेक्टर भोपाल एमडी जल निगम, सूफिया फारुकी वली सीईओ रोजगार गारंटीपरिषद एमडी हस्त शिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, एमडी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, कौशलेंद्र विक्रम सिंह अपरसचिव मुख्यमंत्री कलेक्टर भोपाल, मनोज पुष्प कलेक्टर रीवा उप सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग, उप सचिव वाणिज्यक कर दिनेश जैन कलेक्टर शाजापुर कलेक्टर नीमच, प्रतिभा पाल आयुक्त ननि इंदौर कलेक्टर रीवा, हर्षिका सिंह कलेक्टर मंडला आयुक्त ननि इंदौर, एमडी मेट्रो रेल कार्पोरेशन इंदौर (अतिरिक्त प्रभार) रजनी सिंह कलेक्टर झाबुआ अपर आयुक्त वाणिज्जय कर, इंदौर, मयंक अग्रवाल कलेक्टर नीमच कलेक्टर दमोह, एस कृष्ण चैतन्य कलेक्टर दमोह सीईओ रोजगार गारंटी परिषद, किशोर कान्याल आयुक्त ननि ग्वालियर कलेक्टर शाजापुर, सुश्री तन्वी हुड्डा अपर आयुक्त वाणिज्जयक कर कलेक्टर झाबुआ, सलोनी सिडाना सीईओ जिपं जबलपुर कलेक्टर मंडला, हर्ष सिंह सीईओ जिपं सीहोर आयुक्त ननि ग्वालियर, आशीष तिवारी सीईओ जिपं ग्वालियर सीईओ सीहोर, जयति सिंह अपर कलेक्टर ग्वालियर सीईओ जिपं जबलपुर विवेक कुमार सीईओ जिपं बालाघाट सीईओ जिपं ग्वालियर, हरसिमरनप्रीत कौर उप सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सीईओ आगर मालवा, अक्षत जैन एसडीएम महू एसडीएम राजनगर।

# एम्स के बाल रोग विभाग ने मनाया विश्व ऑटिज्म दिवस



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

विश्व ऑटिज्म दिवस 2023 बाल रोग विभाग के पूरे उत्साह और भागीदारी के साथ मनाया गया । विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस 2 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के समर्थन में सुधार करने और उन्हें समाज के साथ विलय करने और एक अर्थपूर्ण जीवन जीने में मदद करने की आवश्यकता पर जोर दिया जा सके । विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर इस वर्ष की थीम है ट्रांसफॉर्मिंग द नैरेटिव- कंट्रीब्यूशन्स एट होम, एट वर्क, इन द आर्ट्स एंड इन पॉलिसी मेकिंग। उत्सव की शुरुआत बाल चिकित्सा ओपीडी क्षेत्र में डॉ निदा, सीनियर रेजिडेंट (पीडियाट्रिक्स) द्वारा ऑटिज्म की व्यापकता, प्रारंभिक पहचान, सामाजिक संचार और सामाजिक संपर्क में विशेषता हानि और प्रतिबंधित हितों और दोहराव वाले व्यवहार की उपस्थिति के बारे में जागरूकता वार्ता के साथ हुई । ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और इसे डॉ अंबर ने संचालित किया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया । समारोह की निरंतरता पर प्रो. शिखा मलिक (विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग) द्वारा एक स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें ऑटिज्म की शुरुआती पहचान पर प्रकाश डाला गया, जो शुरुआती हस्तक्षेप और बेहतर परिणाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । डॉ. कीर्ति स्वर्णकार ने एएसडी की स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला और एम्स भोपाल में प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में चर्चा की । डॉ जगमीत कौर चावला ने ऑटिज़्म के उचित प्रबंधन में सहायता समूहों की भूमिका के बारे में बताया ।

### पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग में आज से स्थापना सप्ताह

भोपाल। एम्स में पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग 3 से 8 अप्रैल तक स्थापना सप्ताह का आयोजन कर रहा है । कार्यक्रम में कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं, अतिथि व्याख्यान और स्नातकोत्तर के साथ इंटरैक्टिव सत्र शामिल हैं। 5 अप्रैल को ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र चिकलोद में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक गर्भाशय और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए जागरूकता और मुफ्त कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। उसी दिन, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पैथोलॉजी एंड लेबोरेटरी मेडिसिन विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल भवन, एम्स में पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता होगी ।

# अशोक मनवानी बने साहित्य अकादमी के सिंधी एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



साहित्य अकादमी दिल्ली के सिंधी भाषा के परामर्श मंडल में मध्य प्रदेश से 2 सदस्यों का चयन हुआ है। सिंधी और हिंदी की वरिष्ठ लेखिका श्रीमती रश्मि रामानी इंदौर और भोपाल के रचनाकार एवं अनुवादक अशोक मनवानी को इसमें शामिल किया गया है। साहित्यिक पत्रकारिता के लिए सप्तपर्णी सम्मान और लघु कथा लेखन के लिए प्रतिष्ठित अंबिका प्रसाद दिव्य पुरस्कार और अन्य सम्मानों से सम्मानित अशोक मनवानी की 11 पुस्तकें प्रकाशित हैं। आपने अनेक हिंदी और सिंधी कहानियों का परस्पर अनुवाद भी किया है। कुल 10 सदस्यों को advisory board में शामिल किया गया है। इसमें महाराष्ट्र ,मध्यप्रदेश , राजस्थान,छत्तीसगढ़, गुजरात और दिल्ली राज्यों से सदस्य शामिल किए गए हैं । सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथानी नई दिल्ली बनाए गए हैं। सिंधी भाषा के लिए गठित एडवाइजरी बोर्ड में वरिष्ठ साहित्यकार श्री साहिब बिजानी,भारतीय सिंधालॉजी संस्थान आदिपुर और श्री मनोज चावला अहमदाबाद गुजरात, श्रीमती शोभा लालचंदानी मुंबई और विनोद आसुदानी नागपुर महाराष्ट्र, श्री सुरेश बबलानी,अजमेर राजस्थान, श्री जयेश शर्मा दिल्ली और श्री कैलाश शादाब रायपुर ,छत्तीसगढ़ से सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

# पुलिस कर्मियों के बच्चे ले रहे शारीरिक व बौद्धिक विकास के टिप्स

### ब्राइटर माइंड्स प्रोग्राम के तहत विशेष सशस्त्र बल की 7वीं वाहिनी ने समर वेकेशन में आयोजित किया कार्यक्रम

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



मध्य प्रदेश पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) की 7वीं वाहिनी द्वारा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लाल परेड ग्राउंड स्थित पुलिस जिम्नेशियम में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। 3 से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डीआईजी (प्रशासन) रुचिवर्धन मिश्रा ने बताया कि ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक कार्यशालाओं, कला व शिल्प कक्षाओं, खेल और खेल जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। हार्टफुलनेस संस्था द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए यह कार्यक्रम नि:शुल्क आयोजित किया जा रहा है।

**पाठ्यक्रम में शामिल है कौशल विकास और मनोरंजक गतिविधियां:** ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम बच्चों के लिए अपनी गर्मी की छुट्टियों को आनंदपूर्वक बिताने का एक शानदार अवसर है। ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे बच्चे नए कौशल का विकास करने के साथ-साथ आनंद भी ले सकें। कार्यक्रम के बारे में सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल के अनुसार, हमें अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों को यह अवसर प्रदान करने में खुशी हो रही है। हमारा मानना है कि यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को सीखने का अनुभव प्रदान करेगा बल्कि उन्हें स्थायी मित्रता बनाने में भी मदद करेगा। भोपाल में विसबल की 7वीं वाहिनी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम बटालियन द्वारा अपने अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने के लिए एक सुरक्षित और पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए की गई एक अनूठी पहल है।

**बच्चों को दी जा रही लेफ्ट और राइट ब्रेन को संतुलित करने की जानकारी:** ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम हार्टफुलनेस संस्थान की सहयोगी संस्था कॉग्निटिव सिस्टम द्वारा तैयार किया गया है। संस्था के ग्लोबल गाइड पद्मभूषण श्री कमलेश डी पटेल द्वारा प्रोग्राम प्रायोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लेफ्ट और राइट ब्रेन के संतुलित विकास के लिए टिप्स भी दिए जा रहे हैं। इस प्रोग्राम में बच्चों के संज्ञानात्मक कौशल को विकसित करना, उनमें एकाग्रता बढ़ाना, उत्साह और आनंद में अभिवृद्धि करना, शांति व संतुलन स्थापित करना, पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बढ़ाना, परिवार में सामंजस्य और स्वस्फूर्त अनुशासन बढ़ाना, आत्मविश्वास में अभिवृद्धि, बेहतर अभिव्यक्ति, तनाव-प्रबंधन एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास आदि शामिल हैं।

**अन्य शाखाओं में भी दिया जाएगा प्रशिक्षण:** हार्टफुलनेस संस्था पूरे विश्व में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। मध्यप्रदेश पुलिस के बच्चों के लिए इस कार्यक्रम को सुलभ करवाने में संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक श्री गजेंद्र सिंह गौतम का विशेष योगदान है। 7वीं वाहिनी विसबल इस कार्यक्रम का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने वाली मध्यप्रदेश पुलिस की पहली इकाई है। इस कार्यक्रम में भोपाल की 23वीं, 25वीं और 7वीं बटालियन के साथ 15वीं बटालियन इंदौर के अधिकारी और कर्मचारी भी प्रशिक्षण लेने आए हैं, जिससे वे अपनी-अपनी बटालियनों में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को बौद्धिक और शारीरिक विकास की ट्रेनिंग दे सकें।

स म्पा द की य

# सुप्रीम कोर्ट की चिंता

बयानों को लेकर बवाल हो रहा है। बयानों पर दंगे हो जाते हैं। बयानों को लेकर सजा हो जाती है। बयानों से क्या नहीं होता? लेकिन, इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि इसके बाद भी हमारे यहां बयानों की मर्यादा का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी बयान और भाषणों को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। परंतु शायद इससे भी कोई खास फर्क पड़ता नहीं दिख रहा।

हम एक विशाल और कथित तौर पर मजबूत लोकतंत्र हैं। इसमें राजनेताओं के आचार-व्यवहार से लेकर उनके बयानों तक का अपना स्थान होता है। परंतु क्या हम यह भी भूलते जा रहे हैं कि नेताओं की भाषा कैसी हो? सुप्रीम कोर्ट भी हतप्रभ है लेकिन शायद इन नेताओं को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। कोर्ट ने हाल ही में पंडित जवाहर लाल नेहरू और अटलजी के भाषणों का उदाहरण भी दिया। कहा- एक वे नेता थे जिनके भाषण सुनने लोग दूर- दूर से आते थे। विपक्षी नेता भी चुपके से सभाओं में उन्हें सुनने आया करते थे और दूसरी तरफ़ आज के नेता हैं। इनकी हेट स्पीच ख़त्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। कोर्ट का कहना है कि राजनीति से धर्म को अलग कर दिया जाए तो इस तरह की हेट स्पीच अपने आप ख़त्म हो जाएँगी।

यानि सुप्रीम कोर्ट मानता है कि धर्म का राजनीति में हस्तक्षेप या राजनीति का धर्म में हस्तक्षेप, कहीं न कहीं उचित नहीं है। हालाँकि हिंदुस्तान में धर्म कई तरह के होते हैं। पुत्र का पिता के प्रति पितृ धर्म, परिवार के मुखिया का परिवार के प्रति धर्म, पत्नी और पति का एक-दूसरे के प्रति धर्म आदि। लेकिन कोर्ट ने जो धर्म कहा है उसका मतलब रिलीजन से है। हमारे शास्त्रों में तो इस धर्म यानी रिलीजन के भी विस्तृत, लेकिन बहुत ही सरल- सहज अर्थ बताए गए हैं। धार्यते इति धर्मः। मतलब जो धारण किया जा सके, वही धर्म है। फिर हमारे नेता क्यों लड़ते - फिरते हैं? मैं मुसलमान, तू हिन्दू। वो ईसाई, वो सिख और जाने क्या-क्या? क्या हम धर्म को मतलब जानते नहीं हैं, या मानते नहीं हैं?

लोकतंत्र की तमाम खूबियों के साथ ही एक तथ्य यह भी है कि इसमें जनमत यानि जनता का वोट सत्ता का आधार होता है। सारा खेल वोटों का है। जब तक वोट की राजनीति है, तब तक ये मेरा धर्म, वो तेरा धर्म। मेरा सम्प्रदाय, तेरा संप्रदाय। और फिर जातियाँ। कोई ऊँची, कोई नीची। कोई बीच की। आखिर इतने टुकड़े क्यों? आखिर समूह या समग्र में किसी का विश्वास क्यों नहीं है? वास्तव में समग्रता या समूह को वे वोट की खातिर तोड़ नहीं पाते। किसी प्रलोभन के ज़रिए उस समग्रता को ललचा नहीं पाते। इसलिए, धर्म, सम्प्रदाय और जाति के नाम पर अलग- अलग छोटे- छोटे टुकड़े उनके लिए मुफ़ीद होते हैं। एक रूठा तो दूसरे को मना लेते हैं। दूसरा टूटा तो तीसरा, चौथा। और इसी तरह उनकी राजनीति चमकती रहती है।

लेकिन गलती किसकी है? शिक्षा या सीख के अभाव के कारण ही हम इन नेताओं के बताए उल्टे रास्ते पर चलने को विवश हैं। इसलिए सबसे पहली ज़रूरत है शिक्षा की। समझ की। सीख की। इसके बिना हम राजनीति के दुष्चक्र को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकते। वर्षों से राजनीति आम आदमी को, गरीब को छलती आई है। आगे भी वह यही सब करती रहेगी। उसकी सफ़ेदी पर कोई फ़र्क़ नहीं पड़ने वाला। हमारी परेशानियों में कोई कमी नहीं आने वाली है। गरीब- अमीर की खाई बढ़ती ही जानी है। सत्ता इस खाई को और गहरे तक खोदने में लगी हुई है। क्योंकि अमीरी से चुनाव लड़ने का चंदा आता है। ग़रीबों को तो उल्टे देना ही होता है।

और बयान वाला मसला केवल दूसरों के लिए ही होता है। सत्ता में जो लोग बैठे होते हैं, उन्हें पुलिस से लेकर कोर्ट तक में सहूलियत मिल जाती है। विपक्ष में बैठे लोगों को जेल तक जाना पड़ जाता है। कुछ महीनों के दौरान देखें तो केवल विपक्षी नेता ही बयानों के चलते उलझे हैं या उलझाए गए हैं। उनसे गंभीर बयान सत्तापक्ष के नेता दे रहे हैं, लेकिन वो बच जाते हैं। उन पर केस या तो होते नहीं हैं, होते हैं तो सत्ता के दम पर राहत मिल जाती है।

फिर ये कैसा लोकतंत्र? कैसा मजबूत लोकतंत्र? कैसे हम इस लोकतंत्र पर गर्व करें? क्या हम इन जहरीले, विष भरे बयानों के माध्यम से विश्व गुरू बन जाएंगे? गुरू का अर्थ भी समझा है किसी ने? गुरू मात्र शिक्षा देने वाला नहीं होता, गुरू पहले स्वयं आचार-विचार और व्यवहार का ध्यान रखता है। स्वयं आदर्श पर चलता है, फिर शिष्यों को उन पर चलने को कहता है। यहां तो जो गुरू बने हुए हैं, राजनीति के गुरू, उनकी जुबानें जहरीली हो रही हैं। उनकी मानसिकता विषाक्त होती जा रही है। वो लोकतंत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के आपसी समन्वय के बजाय दुश्मनी का बीज बो रहे हैं। इस देश का इतिहास रहा है, यहां लोकतंत्र के पहरुओं ने विपक्ष के नेताओं को मनोनीत कराया है, केबिनेट में मंत्री बनाया है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि बनाकर भेजा है। क्या इसीलिए कि आज हम संसद भी नहीं चलाएं या चलने दें? क्या इसीलिए कि संपूर्ण विपक्ष को धराशायी कर दिया जाए?

आम आदमी की बात तो कोई सुनता नहीं, सुप्रीम कोर्ट की पीड़ा ही समझ लें। उसकी चिंता पर गौर कर लें। उसकी भावनाओं का ही ध्यान रख लें। परंतु, फिलहाल तो ऐसा उम्मीद नहीं दिखती। हां, वोट देने वक्त बहकने वाले, भ्रम जाल में फंस कर वोट देने वाले, वोट के लिए बिकने वाले, जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर राजनीति का साथ देने वाले मतदाता यदि चाह लें, तो यह संभव हो सकता है। काश!

# राज-काज: दलबदल में भाजपा के नहले पर कांग्रेस का दहला

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

चुनावी साल में 'आया राम गया राम' अर्थात दलबदल नई बात नहीं है। साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मध्य प्रदेश में भी इसकी शुरूआत हो चुकी है। भाजपा इस काम में माहिर है लेकिन कांग्रेस ने भी भाजपा को झटके देना



शुरू कर दिए हैं। इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के भोपाल प्रवास के दौरान पार्टी से निष्कासित प्रीतम लोधी, बसपा की पूर्व विधायक ऊषा चौधरी और राजगढ़ से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुकीं मोना सुस्तानी को पार्टी में लेकर भाजपा ने बढ़त बनाई थी, लेकिन पहले गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह के बेटे राव यादवेंद्र सिंह यादव और इसके बाद खरगोन से 2009 में भाजपा सांसद रहे माखन सिंह सोलंकी को पार्टी में लेकर कांग्रेस ने भाजपा के 'नहले पर दहला' जड़ दिया।

खास यह है कि माखन सिंह पार्टी न छोड़ें, इसके लिए भाजपा की ओर से जमकर मान मनौव्वल हुई लेकिन वे नहीं माने। साफ है कि राव यादवेंद्र और माखन सिंह के कांग्रेस में जाने से भाजपा मुश्किल में है। दिग्विजय को भाजपा नेता भले अपने लिए अनुकूल माने लेकिन वे यह भी जानते हैं कि यदि वे प्रदेश में सक्रिय रहे तो वे और मुश्किलें पैदा कर सकते हैं।

**इन विधायकों पर लटकी सदस्यता समाप्ति की तलवार**

राहुल गांधी जैसा बर्ताव मप्र में नहीं हुआ लेकिन प्रदेश के चार विधायकों पर सदस्यता समाप्ति की तलवार यहां भी लटकी है। प्रहलाद लोधी ही ऐसे हैं, जिनकी सदस्यता तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति द्वारा समाप्त की गई थी। एक अपराधिक मामले में कोर्ट ने प्रहलाद को दो साल की सजा सुनाई थी। इस आधार पर उनकी सदस्यता विधानसभा सचिवालय द्वारा समाप्त कर दी गई थी। भाजपा ने इसे तत्कालीन कमलनाथ सरकार की घटिया हरकत कहा था। स्पीकर की कार्रवाई को असंवैधानिक ठहराया था। कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह को सरकारी जमीन बेचने के आरोप में दो साल की सजा हुई थी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल उनकी सदस्यता खत्म करने का फैसला नहीं लिया और कुशवाह ऊपरी अदालत से स्टे ले आए। उमा भारती के भतीजे भाजपा विधायक राहुल लोधी पर कांग्रेस प्रत्याशी चंदारानी द्वारा नामांकन पत्र में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया था। अदालत ने उन्हें विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित करने का फैसला सुनाया था। उनका मामला ऊपरी अदालत में लंबित है। तीसरे मामले में चुनाव आयोग ने नरोत्तम मिश्रा को तीन साल के लिए अयोग्य करार दिया था। हाईकोर्ट से होता हुआ यह मामला सुप्रीम कोर्ट में अंतिम चरण में है। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र भारती ने पेड न्यूज मामले में उन्हें उलझा रखा है।

**अकेले कमल की संपत्ति 'शून्य से शिखर' पर नहीं**



प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल इस समय खासे चर्चित हैं। अपने काम की स्टाइल एवं सक्रियता के कारण वे हमेशा चर्चा में रहते हैं लेकिन इस बार वजह बना है उन्हें लेकर वायरल एक वीडियो। इसमें बताया गया है कि कमल पटेल आर्थिक स्थिति के मसले पर पहले कैसे थे और विधायक, मंत्री बनने के बाद उनकी संपत्ति में कैसे 'दिन दूनी रात चौगुनी' गति से इजाफा हुआ और वे 'शून्य से शिखर' पर पहुंच गए। वायरल वीडियो में किसी राजनेता का इस तरह महिमा मंडन कोई नई बात नहीं है। वैसे भी संपत्ति कमाने के कई रास्ते हैं, कुछ कठिन तो कुछ बेहद आसान।

आसान तरीकों में एक है राजनेता बनकर कोई भी चुनाव जीत लेना। कई राजनेता पार्षद और सरपंच का ही चुनाव जीत ले, देखते ही देखते साइकल, स्कूटी और बाइक छोड़कर सफारी जैसी महंगी और लक्जरी गाड़ी में दिखेगा। कमल पटेल तो कई बार के विधायक और बड़े विभाग के मंत्री हैं। एक ही चुनाव लड़ने पर विरोधी तीन पीढ़ियों की जानकारी बाहर ला देते हैं। कमल पटेल का तब भी लंबे समय बाद ऐसा वीडियो वायरल हुआ है। यह लोगों के बीच आग की तरह फैला है। ट्रेन तक में लोग इसकी चर्चा करते सुनाई पड़ गए। अलबत्ता, राय अलग-अलग थी, कोई कमल की तारीफ कर रहा था, कोई आलोचना। राजनीति में यह चलता है, कमल भी ये जानते होंगे।

**अरुण के खास चंद्रिका पर कमलनाथ का भरोसा**



जैसी तनातनी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के बीच लंबे समय से देखने को मिली है, कोई उम्मीद कर सकता था कि अरुण के सबसे खास रहे चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी कमलनाथ का भरोसा जीत लेंगे, लेकिन यह चमत्कार हो गया। चंद्रिका आज कमलनाथ के भरोसे के पदाधिकारी और उनके कोर ग्रुप के सदस्य हैं।

अरुण यादव के प्रदेश अध्यक्ष रहते चंद्रिका प्रदेश कांग्रेस में संगठन के प्रभारी महामंत्री थे। इस समय भी महामंत्री के साथ कमलनाथ के निर्देश पर पार्टी के राजनीति से जुड़े मामले देख रहे हैं। इतना ही नहीं वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की टीम में भी मुख्य भूमिका में थे और हाथ जोड़ो अभियान में भी। संभवतः इसकी वजह यह है कि गुटबाजी से अलग हटकर वे सौंपे गए दायित्व का निर्वाह ईमानदारी से कर रहे हैं। उन्होंने अपने काम से खुद को सिद्ध किया है और कमलनाथ के भरोसे पर खरे उतरे हैं। काम का अनुभव उनके पास था ही। शायद इसीलिए कमलनाथ ने उन्हें अपनी खास टीम में जगह दी है। सवाल है कि क्या पार्टी का हर नेता व्यक्तिगत राग-द्वेश भूलकर इसी तरह संगठन को सर्वोपरि मान काम नहीं कर सकता? यदि ऐसा हो जाए तो पार्टी के अंदर गुटबाजी स्वतः खत्म हो जाएगी और कांग्रेस हमेशा भाजपा के साथ दो-दो हाथ करने के लिए तैयार दिखेगी।

**व्यक्ति की बजाय संगठन के महत्व का उदाहरण**

भाजपा में भले नेताओं के अपने समर्थक हैं और सभी के अपने-अपने गुट, बावजूद इसके हर नेता कहता यही है कि पार्टी में व्यक्ति नहीं संगठन को महत्व मिलता है। अर्थात व्यक्ति की बजाय जो पार्टी को सर्वोपरि मानकर चलेगा, वह लंबी दौड़ का घोड़ा साबित होगा। सागर को ही ले लीजिए यहां के तीन असरदार नेता प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। इनमें भूपेंद्र सिंह मुख्यमंत्री शिवराज के कोटे से हैं और गोविंद सिंह राजपूत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे से। तीसरे मंत्री गोपाल भार्गव का नाम किसी नेता के साथ नहीं जुड़ा है। यहां मंत्रियों के बीच आपसी मनमुटाव के चर्चे सुखियां बने रहते थे, इस समय तारीफ की गूंज है। गढ़ाकोटा के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भूपेंद्र ने कहा था कि गोपाल भार्गव ने इतना पुण्य कमा लिया है कि वे किसी को आशीर्वाद देंगे तो उसका भी भला हो जाएगा। इधर रानगिर की सभा में गोविंद सिंह राजपूत ने भी भार्गव की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता चाहती है कि रहली जैसा विकास हर क्षेत्र में हो। अर्थात शिवराज के खास भूपेंद्र और महाराज के खास गोविंद दोनों गोपाल की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। इसकी वजह यह तो नहीं कि भार्गव का नाम किसी नेता के साथ नहीं जुड़ा है और इन तारीफों का संदेश है कि व्यक्ति की बजाय संगठन को महत्व देने वाला ही सबसे ऊपर होगा?

# मुस्लिम वोटों से बेपरवाह, कांग्रेस का साहसिक सियासी बदलाव

**सरयूसुत मिश्र**

प्रदेश कांग्रेस के इस सियासी बदलाव ने यह साबित कर दिया है कि हिंदुत्व सत्ता की राजनीति का प्राणनाथ बना हुआ है. प्रदेश में सत्ता के दावेदार कमल और कमलनाथ में मुकाबला बाकी मुद्दों के अलावा हिंदुत्व की राजनीतिक पहचान पर होने वाला है. प्रदेश में अगला चुनावी मैच हिंदुत्व की बॉलिंग और बैटिंग से ही जीतने की रणनीति पर काम शुरू हो गया है. कमल तो हिंदुत्व की राजनीति का प्रतीक माना ही जाता है लेकिन पहली बार इस प्रतीक को चुनौती कमलनाथ के हाथों कितनी मिल पाएगी, यह देखने की बात होगी।



कमलनाथ ने जब से मध्यप्रदेश में कांग्रेस की कमान संभाली है तब से ही सॉफ्ट हिंदुत्व के प्रति उनका नजरिया कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से अलग दिखाई पड़ता रहा है. यहां तक कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के हिंदुत्व पर राजनीतिक विचार अलग-अलग दिखाई पड़ते हैं. कांग्रेस और कांग्रेस के नेता हमेशा से ही चीख-चीख कर यह कहते रहे हैं कि धर्म आस्था का विषय है. धार्मिक प्रतीकों का राजनीति में उपयोग कांग्रेस की परंपरा नहीं रही है. भारतीय राजनीति में बीजेपी के तेजी से उभरने के बाद हिंदुत्व को जीत का मंत्र माना जाने लगा. सत्ता की चुनावी राजनीति में जब कांग्रेस लगातार पिछड़ती गई तो इसके लिए पार्टी की हिंदुत्व से दूरी को शायद कारण माना गया।

कमलनाथ की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने खुलेआम हिंदुत्व और भगवा राजनीति को चुनावी मंत्र के रूप में उपयोग करना शुरू किया है. किसी भी प्रतियोगिता में जब अस्त्र एक होगा तभी तो जीत हार का आधार निर्धारित हो पाएगा. रिवाल्वर और तलवार की लड़ाई को समान प्रतियोगिता कैसे माना जाए? अगर हिंदुत्व राजनीति का हथियार है तो फिर दोनों प्रतिद्वंदी का एक ही हथियार से चुनावी युद्ध में उतरना न्याय संगत ही कहा जाएगा. प्रश्न केवल इस बात का है तो फिर कांग्रेस राजनीति में धर्म के उपयोग पर अपने आप को सती सावित्री साबित करने का प्रयास अब कैसे कर सकती है?

देश में अभी कुछ राज्य बचे हैं जहां बीजेपी और कांग्रेस के बीच में सीधा मुकाबला है. मध्यप्रदेश उन्हीं राज्यों में शामिल है. जिन राज्यों में तीसरे दल मजबूती के साथ उभरें हैं वहां कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है. उत्तरप्रदेश इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. उत्तरप्रदेश में अल्पसंख्यकों को कांग्रेस के विकल्प के रूप में क्षेत्रीय दल उपलब्ध हैं. यूपी में अल्पसंख्यकों के बीच कांग्रेस का जनाधार सिमट गया है. अल्पसंख्यकों में कांग्रेस के लिए जो कट्टर भरोसा था वह अब डगमगा गया है.हाल ही में पूर्वोत्तर के चुनावों में कांग्रेस को ईसाई वोटरों का अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है।

मध्यप्रदेश सहित जिन राज्यों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है वहां आज भी अल्पसंख्यकों की पहली पसंद कांग्रेस ही मानी जाती है. जब कमलनाथ और राज्य की कांग्रेस बीजेपी की पिच पर चुनावी मैदान में उतरेगी तो हिंदुत्व समर्थकों में मतों के विभाजन का कांग्रेस को कितना लाभ मिलेगा यह तो सटीक रूप से नहीं कहा जा सकता लेकिन अल्पसंख्यकों में कांग्रेस के इस नीतिगत बदलाव के कारण जो निराशा बढ़ेगी वह निश्चित रूप से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएगी।

चुनावी राजनीति में विपक्षी दल हमेशा उसी हालात में फायदे में रहते हैं जब जनता से जुड़े मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार, सत्ता विरोधी रुझान पर प्रचार को केंद्रित रखा जाता है. हिमाचल प्रदेश में अभी कांग्रेस ने सत्ता हासिल की है. निश्चित रूप से वहां स्थानीय मुद्दों पर ही पार्टी ने अपना प्रचार अभियान केंद्रित किया था।

कमलनाथ ने 2018 के चुनाव में भी सॉफ्ट हिंदुत्व को अपनी चुनावी रणनीति का हिस्सा बनाया था. तकनीकी रूप से कांग्रेस को सत्ता हासिल हो गई थी यद्यपि अगर मतों के प्रतिशत और कुल मतों को देखा जाए तो बीजेपी को कांग्रेस से ज्यादा मत मिले थे लेकिन सरकार कांग्रेस ही बना पाई थी. इसका मतलब स्पष्ट है कि सॉफ्ट हिंदुत्व ने कांग्रेस को बहुत अधिक लाभ नहीं पहुंचाया था. अब तो 15 महीने की कांग्रेस सरकार की एंटीइनकम्बेंसी भी अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सामने चुनौती के रूप में रहेगी।

प्रदेश कांग्रेस और कमलनाथ का हिंदुत्व प्रेम बिल्कुल नाजायज नहीं है. राजनीति में उन्हें इस बात का पूरा अधिकार है कि विपक्ष से मुकाबले के लिए उसके हथियार को ही अपना हथियार बनाएं. कांग्रेस शायद हिंदुत्व की राजनीति पर इसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है. कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट विश्वसनीयता की कमी है. कांग्रेस के चाल चरित्र और चेहरे पर इतने लंबे समय तक भारत के लोगों ने न केवल विश्वास किया बल्कि कांग्रेस की सरकारों को कई दशकों तक सत्ता का संचालन सौंपा गया. मध्यप्रदेश के संदर्भ में भी देखा जाए तो मध्यप्रदेश के गठन के बाद अगर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सरकार के संचालन का आकलन किया जाएगा तो अभी भी कांग्रेस की सत्ता का पलड़ा भारी पड़ेगा7

कांग्रेस यह कहने की स्थिति में नहीं है कि उन्हें राज्य में विकास और कल्याण के लिए मौका नहीं मिला है. कांग्रेस की सोच और आचरण उनकी सरकारों में स्पष्ट रूप से लोगों ने देखा है. अब पब्लिक को कांग्रेस का नाम आते ही उनके तौर-तरीके उनकी सोच और आचरण सामने आ जाते हैं. यहां तक की कांग्रेस के अधिकांश चेहरे वही पुराने हैं जो सत्ता में रहकर अपनी सारी सियासी पूंजी को खर्च कर चुके हैं. अब उनके राजनीतिक व्यक्तित्व में कोई भी नयापन पब्लिक के सामने बेचने के लिए नहीं है. शायद इसीलिए कांग्रेस ने अब हिंदुत्व की दुकान सजाई है।

# अज़ीम शख्सियत के मालिक थे अभयजी

**जयश्री पिंगले**

अज़ीम शख्सियत के मालिक थे अभयजी. जिनके इर्द- गिर्द सुबह हो तो लगता जैसे गुजरी तोड़ी के स्वर मंडरा रहे हैं, शाम हो तो लगता मारवा के स्वर हिलोरे ले रहे हैं. दीप्ति और कीर्ति से भरा आभामंडल. जिसे कोई नापना भी चाहे तो भी अपने पैमाने से आगे न बढ़ पाए. उन्होंने लंबे समय तक राज किया है. एक समानांतर ताकत जो सत्ता के प्रतिष्ठानों से लेकर तो आम इंसान तक अपना रसूख रखती थी. इसीलिए हर एक के पास अपने अभयजी हैं, और अपनी एक कहानी है।

बात 1993-94 की है. मैं दैनिक भास्कर में स्पेशल कारॅसपांडेंट के बतौर काम कर रही थी. इंदौर की फिजां में भास्कर सर चढ़कर बोलने लगा था. सुधीरजी की धुआंधार पारी शुरू हो चुकी थी. इंदौर एडिशन उनके लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था. वे हर दस पन्द्रह दिन में इंदौर आते इसके पहले उनके कैबिन में नईदुनिया की फाइल पहुंचती. उसे देखने के बाद वे हमारी मीटिंग लेते. नईदुनिया की धमक और टारगेट ग्रुप भास्कर का लक्ष्य होता. वहां तक भास्कर की पहुंच हो, उस हिसाब से खबरों पर तैयारी की जाती।

एश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, शाहरूख खान- जूही चावला इन तमाम सितारों को इंदौर की जमीं पर भास्कर ने उतारा था. मेगा इवेंट की पत्रकारिता का ग्लैमर भास्कर को जनता से जोड़ रहा था. यह एक साफ मैसेज भी था. जहां नईदुनिया के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, बड़े फिल्मी सितारों वाले प्रोग्राम्स सिर्फ खास आमंत्रितों के लिए होते वहीं भास्कर के क्लासेस के साथ मासेस के लिए भी होते. बावजूद इसके कुछ था जिसने नईदुनिया को बनाए रखा था. वह नाम अभय छजलानी था।

प्रशासन से लेकर राजनेताओं तक, प्रोफेशनल्स से लेकर सामाजिक संगठनों, यूनियन लीडर्स लेकर खेल संगठनों तक अखाड़ों के उस्तादों से लेकर गोगा नवमी पर जुलूस निकालने वालों तक नईदुनिया याने अभयजी की मौजूदगी थी। एक पत्रकार के बतौर मैं देख रही थी. इन्वेस्टिगेटिव, एक्सक्लूसिव, सेंसेशनल खबरों में सिटी के खास पेज देने में भास्कर बहुत आगे हो चुका था. वहीं नईदुनिया, टाइम्स ऑफ इंडिया की तरह साल में दो, तीन चर्चित खबरे देकर अपनी जगह बना हुआ था. जो नईदुनिया को ब्रांड करती. जिस तरह टाइम्स ने चैन्नई एडिशन लांच करते ही खबर ब्रेक की कि- प्रियंका गांधी गोपनीय तरीके से आकर राजीव के हत्या में सजायाफ्ता नलिनी से मिलने जेल आई थी. या फिर यूपीए -1 में गांधी परिवार से खटपट के बाद अमिताभ बच्चन अस्पताल में भर्ती हैं, इनकम टैक्स की नोटिसों से जूझ रहे हैं।

दरअसल शहर का कोई भी खास फैसला अभयजी की जानकारी के बगैर नहीं होता. कलेक्टर कमिश्नर अभयजी को कॉनफिडेंस में लेते . सरकार मुख्यमंत्री नईदुनिया की मौन सहमति की ख्वाहिश रखते. इंदौर की इंटलेक्टच्युअल लीडरशीप नईदुनिया के पास थी. जिसके चलते नेताओं ङ्क अफसरों को नईदुनिया को साधकर ही चलना पड़ता। कांग्रेस हो या भाजपा कई चुनावी टिकट अभयजी की रजामंदी से तय होते. महेश जोशी उस वक्त कांग्रेस की बड़ी ताकत थे. वे अभयजी के धुर विरोधी माने जाते थे. लेकिन फिर भी मुझे बताते थे फलाने का टिकट करवाना है.. उसे कह दिया है सिर्फ मेरे भरोसे मत चल अब्बूजी के यहां धोक लगाओ जाके।

भाजपा के दिग्गज नेता और थिंक टैंक थे - राजेद्र धारकर उनके दिल में अभयजी के लिए खास जगह थी. वे हमेशा मुझे कहते- इंदौर के सुख निवास पैलेस में कैट लाने में अभयजी का खास रोल है. अर्जुनसिंह मुख्यमंत्री थे. धारकर इंदौर महापौर, अभयजी ने दोनों के बीच मध्यस्थता कर इस काम को अंजाम दिया। एमवाय का ऑपरेशन कायाकल्प का समय था. पूरा एमवाय खालि करवाना था. सूरत में प्लेग के बाद इंदौर ने अलर्ट मोड पर आते हुए इस काम को अंजाम दिया था. एसआर मोहंती कलेक्टर थे और एके सिंह कमिश्नर. लेकिन तीसरी हस्ती अभयजी थे. जिन्होंने डा. भरत छापरवाल को पूरी ताकत देते हुए शहर में एक माहौल खड़ा कर दिया।



दरअसल अभयजी अखबार से आगे सामाजिक बदलाव को भी साथ लेकर चलते थे. इंदौर का नर्मदा आंदोलन हो या अभ्यास मंडल जैसा बौध्दिक संगठन या लाल बाग पैलेस, या अभिनव कला समाज, या श्रोता बिरादरी, सानंद जैसा सांस्कृतिक संगठन, या लता अलंकरण की शुरूआत अभयजी हर जगह मौजूद थे. इंदौर उनकी रूह में समाया हुआ था. इंदौर के प्रतिष्ठित इलाके में आज अगर अभय प्रशाल, बास्केट बॉल, होल्कर स्टेडियम है तो इसकी वजह अभयजी हैं. टेबल-टेनिस के सैकडों नेशनल प्लेयर देने वाला इंदौर आज एक बड़ी पहचान में शुमार है।

1999 में मैंने भास्कर छोड़ कर नईदुनिया ज्वॉइन किया. जहां भास्कर से एकदम बदला हुआ माहौल था. खुली पत्रकारिता की जगह प्रेस नोट्स का बोलबाला था. भास्कर की खुली पत्रकारिता वाले माहौल से यह थोड़ा असहज करने वाला वातावरण था. पर बहुत जल्द मुझे एहसास हुआ कि प्रेस नोट्स पत्रकारिता भी क्या कमाल दिखाती है।

नईदुनिया छोड़ने के बाद भी वे एक पिता मार्गदर्शक के बतौर बने रहे. भोपाल से मैं भास्कर के दिल्ली ब्यूरो पहुंच गई. और वहां भी मुझे अभयजी का रूतबा देखने को मिला. वे आईएनएस की मीटिंग्स में आते थे. और मेरे साथ ही मेरे साथी पत्रकारों को भी मिलते. कई बार मैं उनके साथ कैबिनेट मंत्रियों, बड़े आइएएस अधिकारियों से मिलती. मुझे ताज्जुब होता था एक पत्रकार के बतौर अभयजी पर विश्वास का दायरा बहुत बड़ा था. ऐसे अंदरूनी किस्से बयां होते कि कई बार आश्चर्य होता. मेरी पॉलिटिकल रिर्पोटिंग के लिए वह बहुत लाजवाब सबक होते. कौन फिल्म स्टार किस नेता के यहां चक्कर लगा रहा है. कौन विदेश जा रहा है ऐसी तमाम बातें चाय की चुस्कियों के साथ होती. लुटियंस और खान मार्केट की बौध्दिक जमात के घमासान के किस्से सुर्खियां बटोरते।

पॉलिटिकल रिर्पोटिंग क्या होती है और एक पत्रकार को किस तरह तैयार होना चाहिए. इसके सबक भी अभयजी से सीखने को मिले. 1980-85 के जमाने में जब दिल्ली में फोन पर बात करना मुश्किल था, तब अभयजी ने एक अलग ही शैली तैयार की. रामशरण जोशीजी या जो भी अन्य वहां काम कर रहा थे वे ऑफ द रेकार्ड बातचीत का नोट हर सप्ताह इंदौर भेजते. जिसमे पीएमओ, कांग्रेस संगठन के आला नेता, प्रदेश के कई कैबिनेट मंत्री सबकी अंदरूनी हकीकत और राजनीति पर टिप्पणी लिखी होती. ये एक संपादक के अपडेट रहने का तरीका था।

ऐसे ही अनगिनत किस्से हैं, अनगिनत बाते हैं.. एक शानदार वक्त अभयजी के साथ बिता है. इसे मेरे नईदुनिया के मित्र विकास मिश्र, विजय मनोहर तिवारी, प्रवीण शर्मा, भानु चौबे शिद्दत से याद करते हैं. राकेश त्रिवेदी और दिलीप ठाकुर हमारी टीम के सीनियर मेंबर थे. जिन्हें हमने पहले ही खो दिया है. महेंद्र सेठिया जी को याद किए बगैर यह कहानी पूरी नहीं हो सकती. महेंद्र जी का बड़प्पन और अपनत्व से भरा व्यवहार दिल की गहराइयों में अभी भी बना हुआ है।

अभयजी अब अपनी अनंत यात्रा पर हैं. शब्दों के आडंबर से मुक्त एक गहरा मौन बहुत पहले ही उनके भीतर समां चुका था. जैसे वीणा के तारों ने निशब्द राग की धुन छेड़ दी थी।

उस विलक्षण आत्मा को प्रणाम।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# अधेड़ द्वारा मासूम से रेप की कोशिश, एफआईआर

शिवपुरी - जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के कमलाखेडी गांव के एक 55 साल के अधेड ने एक 7 साल की मासूम को हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया। इस मामले की शिकायत पीड़िता की मां ने पुलिस थाना पोहरी में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार 7 साल की मासूम निवासी कमलाखेडी ने पुलिस थाना पोहरी में शिकायत करतें हुए बताया कि वह अपने घर से खलियान में कंडे लेने गई थी। उसकी 7 साल की बेटी खनियान में खेल रही थी। तभी आरोपी पूरन पुत्र गरीबा जाटव उम्र 55 साल निवासी कमलाखेडी आया और 7 साल की मासूम को खाट पर लिटाकर उसके कपड़े उतारकर उसके साथ रेप का प्रयास करने लगा। तभी मासूम की मां आ गई और वह चिल्लाई तो आरोपी मौके से भाग गया। इस मामले की शिकायत पीडिता ने पुलिस थाना पोहरी में की।

# मां पार्वती जी की मूर्ति की आगवानी करते- कैबिनेट मंत्री दर्जा राहुल सिंह



दमोह । दमोह इमलिया घाट में भेड़ाघाट से जगत जननी मां गौरी जी की प्रतिमा को डीजे-बाजों के साथ लाया गया। जिसकी आगवानी ग्राम इमलिया घाट में कैबिनेट मंत्री राहुल सिंह ने की। जहा पर मूर्ति का जलाभिषेक किया।ओर आज दिनांक 4 अप्रैल को अन्नादिवस एवं 5 अप्रैल को पूरे विधि-विधान से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके साथ साथ 6 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विशाल भंडारा एवं रात्रि जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर लगेगा दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

बैरसिया। भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल यानी आने वाले गुरुवार को अपना 43 वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसी कड़ी में बैरसिया विधानसभा में इस दिन दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित होने जा रहा है। शिविर बैरसिया के सिविल अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने बताया कि इस शिविर में 42 दिव्यांगों को मोटराइस ट्राईसाइकिल का वितरण किया जाएगा। यह ट्राईसाइकिल बैटरी चलित रहेगी। बैरसिया क्षेत्र में पहली बार इस तरह की ट्राईसाइकिल का वितरण होगा। इसके अलावा पूर्व में आयोजित शिविर में जिन दिव्यांगों के कृतिम अंगों की माप ली गई थी। उन्हें कृतिम अंगों का वितरण किया जायेगा। इसके लिए हैदराबाद से विशेषज्ञ आएंगे। शिविर में मेडिकल बोर्ड का कैम्प भी लगेगा। इससे दिव्यांगों का तुरंत परीक्षण किया जाएगा। इसमें जो दिव्यांग जांच में पात्र होंगे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करेगा अग्रवाल समाज



छतरपुर। जिला अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी की पहली बैठक आज दोपहर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल की अध्यक्षता में महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में कार्यसमिति के अधिकतर सदस्यों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी के परिचय के उपरांत समाज का रजिस्ट्रेशन होने, समाज में गमी होने पर शोक पत्र देने, जिला कार्यकारिणी की बैठक जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित करने, जिला अग्रवाल समाज के लिए भवन तथा सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन का प्रस्ताव रखा गया जिस पर अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि हर घर से एक सदस्य अनिवार्य रूप से बना कर समाज में सक्रियता लाई जाएगी तथा सदस्यता की विसंगतियां भी दूर की जाएंगी। पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मंशा सामूहिक विवाह की है। आज ही पूर्व आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें 26, 27 नवंबर को आयोजन की सहमति बनी है। इसमें परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह होंगे। फिलहाल 11 विवाह का संकल्प लिया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने सुझाव दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शिक्षा, बीमारी, शादी के लिए मदद देने का प्रयास किया जाए। कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने समाज का पंजीयन कराने, बैंक खाता खोलने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि छतरपुर अग्रवाल समाज के पास अपना कोई भवन नहीं है। समाज कोई प्रॉपर्टी ले और उसमे भवन, दुकान, धर्मशाला आदि का निर्माण करे।

# गांधी आश्रम में विधायक निधि से होगा शेड का निर्माण



छतरपुर। विधायक आलोक चतुर्वेदी की विधायक निधि से गांधी आश्रम की देशज गौशाला में नवीन भूसा शेड निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्य छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी तथा गांधी स्मारक निधि (केंद्रीय) के सचिव संजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। गांधी आश्रम द्वारा देशज गौशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसमें देसी कैन काटा नस्ल की गायों का संरक्षण किया जाता है और उनके संवर्धन हेतु गिर नस्ल का बैल रखा गया है इस प्रकार नस्ल सुधार कर स्थानीय गायों का संरक्षण व संवर्धन होता है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान आयोजित सद्भावना समागम में अपनी बात रखते हुए गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणी ने कहा कि आज के दौर में पशु पालन करना बड़ा कठिन काम होता जा रहा है।

# खुले बोरवेल में गिरा बालक, ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे बाहर निकाला

रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के भानपुर में एक 10 वर्षीय बालक 100 फीट गहरे खुले बोरवेल गिरने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जिसे ग्रामीणों की सूझबूझ से रस्सी के सहारे सकुशल बाहर निकाला, खेत में हल्केबीर केवट फसल में हार्वेस्टर चलवा रहे थे इसी दौरान उनका 10 वर्षीय बेटा आशीष केवट खेत पर ही खुले बोरवेल में गिर गया। बताया जाता है कि उक्त बोर 100 फिट गहरा है। और बालक करीब 25 नीचे फंस गया था। जिसे ग्रामीणों, सरपंच लाखन सिंह, पप्पू केवट पहुंचे उन्होंने तत्परता से बालक को सूझबुझ से तत्काल रस्सी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, एसडीओपी राजेश तिवारी, नायब तहसीलदार अनीश धाकड़, चौकी प्रभारी, घटना स्थल पर पहुंचे। बालक से चर्चा की, और ग्रामीणों के साहस और सूझ बुझ की तारीफ की। बालक पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

# आदिवासियों की मूल पहचान छीन रही है भाजपा और आरएसएस: दिग्विजय सिंह

## आदिवासियों, दलितों, जल-जंगल-जमीन की लड़ाई के साथ-साथ संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई भी लड़ना पड़ेगा,बिरसा ब्रिगेड कॅडराईज कार्यकर्ताओं की अतिथियों ने की प्रशंसा

सिवनी– आदिवासी मिशन स्थापना दिवस के अवसर पर सिवनी जिला मुख्यालय में 2 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय का समागम हुआ। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरदचंद्र पवार सहित राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी एवं कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के बरघाट अर्जुन सिंह काकोड़िया, निवास विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, लखनादौन के विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिरसा बिग्रेड के प्रमुख इंजिनियर सतीश पेंदाम व सिवनी सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के आदिवासी समाज के सगाजन व बिरसा बिग्रेड के पदाधिकारी हजारों की संख्या में मौजूद रहे। आदिवासी मिशन स्थापना दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के द्वारा कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

वहीं आदिवासी समाज के गौरव देश की आजादी के लिये बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को नमन कर आदरांजलि दी गई। वहीं आदिवासी मिशन एवं बिरसा बिग्रेड मिशन के तहत कार्य करने वाले जो अब इस दुनिया में नहीं है उन्हें भी आदरांजलि दी गई।

**जल, जंगल, जमीन पर पहला हक आदिवासियों का है— शरद पवार** : आदिवासी मिशन स्थापना दिवस पर सिवनी मुख्यालय में आयोजित सम्मेलन में कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरदचंद्र पवार ने अपना संदेश देते हुये कहा कि जल, जंगल, जमीन इसका पहला हक आदिवासी लोगों को है। आज इस देश का जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए सब से ज्यादा मेहनत जिन्होंने किए है उनमें आदिवासी का नाम लेना होगा। आज देश में कई विकास के प्रकल्प शुरू है जो देश के लिए फायदेमंद है। मगर यह विकास और फायदे की बात जिस जमीन के मालिक आदिवासी के लिए हैं उसे ही सब से ज्यादा चुनौती देनी पड़ती है।

महात्मा गांधी के नेतृत्व में बैतूल से जंगल सत्याग्रह शुरू हुआ था जहां 4 आदिवासी शहीद हुए और चारों आदिवासियों के नाम से, जिला कांग्रेस कमेटी में हमारा हाल बना हुआ। हमारी लड़ाई अधिकारों की है, आदिवासियों की आइडेंटिटी है। आज आदिवासियों की पहचान खोती चली जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि मैं अगाह कर देना चाहता हूं भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस को कि आदिवासियों की पहचान मत छीनिए। इनकी पहचान बनाए रखना, ये इनका मौलिक संवैधानिक अधिकार है। इस देश में सबसे पुराने आवासीय लोग कोई है, तो वो आदिवासी हैं। हम लोग तो सब बाहर से आए हुए हैं। हम लड़ाई ना केवल आदिवासियों की लड़ेंगे बल्कि इस देश में जो ईवीएम की मशीन की चोरी हो रही है उसकी लड़ाई भी हम शरद पवार जी के नेतृत्व में लड़ेंगे। हम बटन दबाते हैं, पता नहीं चलता वोट कहां चला गया। आदिवासियों, दलितों, जल-जंगल-जमीन की लड़ाई के साथ-साथ संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई भी लड़ना पड़ेगा। आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में है।

**उनको कहो कि भाई बनवासी तुम हो, हम आदिवासी हैं— छगन भुजबल:** राष्ट्रवादी पार्टी के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री छगन भुजबल ने 2 अप्रेल 2023 को आदिवासी मिशन स्थापना दिवस पर सिवनी मुख्यालय में आयोजित सम्मेलन में कहा कि आजकल हमको बनवासी कहते है, उनको कहो कि भाई बनवासी तुम हो, हम आदिवासी हैं, हम बनवासी नहीं हैं।



आज देश में महंगाई कितनी बढ़ती जा रही हैं। जिस चीज को हाथ लगाओगे उसमें टैक्स लग जाता है। आपने कपड़ा, जूते चप्पल पहना है सब पर टैक्स है। दाल-चावल के ऊपर टैक्स है। टैक्स तो उनको लेना चाहिए क्योंकि देश का इतना बड़ा नुकसान बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने किया है।

वहीं 11 लाख करोड़ रूपए पिछले कई सालों में माफ कर दिया गया। देश में सब कुछ बेचा जा रहा है। इतनी सारी कंपनियां, फैक्ट्री जवाहरलाल नेहरू कांग्रेस गवर्नमेंट में शुरू करी थी। हमारे प्यारे प्रधानमंत्री ने एक भी कंपनी उद्योग शुरू नहीं किया, जो बना बनाया था, 23 कंपनियां बेच दी। एयरपोर्ट, खदाने एवं बंदरगाह बेच दिए।

राष्ट्रवादी पार्टी के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री भुजबल ने आगे कहा कि मुझे एक चुटकुला याद आ रहा है एक घर में चोरी हो गई 5 लोग सोए हुए थे। चोर आया उसने सारे कमरे खोले सोना, चांदी लेकर चला गया। पुलिस कंप्लेंट हुई पुलिस ने पूछा किसी ने देखा नहीं क्या ? तो घर के एक जवान ने कहां, हां मैंने देखा क्योंकि मैं सोया नहीं था। पुलिस ने कहा, अरे तू सोया नहीं था तो चिल्लाया क्यों नहीं ? वो बोला साहब आजकल चोर-चोर कहते हैं तो 2 साल की सजा होती है, इसलिए हम चुप रहे।

स्थापना दिवस के अवसर पर सिवनी मुख्यालय में आयोजित सम्मेलन में विधायक व पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम ने कार्यक्रम में संदेश देते हुये कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने दो आंदोलन किए। पहला आंदोलन किया था, अंग्रेज हमसे टैक्स नहीं ले सकते। अंग्रेजी हुकुमत द्वारा लगाये गये टैक्स का विरोध सबसे पहले किया था और आज देश का प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा टैक्स ले रहा है, और कहता है कि मैं बिरसा मुंडा का सम्मान कर रहा हूं। दूसरी लड़ाई जल, जंगल और जमीन, आज मोदी जी अपने प्रिय दोस्तों को जंगल देने का भी, प्लान कर रहे हैं।

स्वर्गीय चैनसिंह भील, वो जवान शहीद हुआ जो टाटिया मामा के परिवार का है। मध्यप्रदेश सरकार की बंदूक ने सिर्फ लटेरी पर ही नहीं, हमारे भावनाओं पर प्रदेश सरकार की गोली चली। उस समय अंग्रेज की गोली ने शहीद किया, आज मध्यप्रदेश सरकार की गोली शहीद कर रही है, ये चिंता का विषय है।

हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूछा आदिवासियों पर गोली क्यों चली तो बोले वो जंगल में लकड़ी चोरी करने के लिए गए थे। अरे शिवराज जी आपको नारा पता नहीं है, आदिवासियों का नारा है, भारत देश हमारा है।

बरघाट विधायक अर्जुनसिंह काकोड़िया द्वारा कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में आदिवासी समुदाय की चर्चा करते हुये कहा कि इस देश का नहीं पूरे विश्व का जो निर्माता है तो वह आदिवासी समाज है।

उन्होंने बताया कि यह हमने नहीं सर्वोच्चय न्यायालय ने कहा है कि इस देश के मूल मालिक आदिवासी हैं। इसके साथ ही विधायक अर्जुनसिंह काकोड़िया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया और कहा कि बड़ी ताकत के साथ में एकता के साथ हम सभी लोगों को जल, जंगल, जमीन की लड़ाई एक बार फिर लड़ना होगा इसके साथ ही संविधान को तोड़ने वाली ताकत को एकजुटता के साथ उखाड़ फेकना होगा तभी आदिवासी और आदिवासियत जीवित रह पायेगी।

2 अप्रेल 2023 को आदिवासी मिशन स्थापना दिवस पर सिवनी मुख्यालय में आयोजित सम्मेलन में आदिवासी समाज के साथ मिलकर ओबीसी समाज मिलकर कार्य करें। आदिवासियों की जमीने छीनी जा रही है, ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि के होने के नाते बिरसा बिग्रेड का साथ कंधे से कंधा मिलाकर देंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर वस्त्र से हुआ प्रतिमाओं का अधिवास

# भगवान ने अपने भक्तों को बचाने नरसिंह अवतार लिया: पांडे

इटारसी। शहर की एक भव्य कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ, माता जगदंबे, राधा कृष्ण, हनुमान जी, की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चतुर्थ दिवस प्रतिमाओं का वस्त्रों से अधिवास किया गया । इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित पंच कुंडी श्री राम रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन मुख्य यजमान घनश्याम दुगाया, शिव भारद्वाज दिलीप भावसार ,सुशील चौधरी संतोष राजपूत, रानू राय सहित दो दर्जन लोगों ने सह- पत्नी यज्ञ में आहुतियां छोड़ी, इस अवसर पर यज्ञ आचार्य होलीपुरा आश्रम के महंत पंडित विजय पांडे ने कहा भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में अवतार ले लेते हैं । भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार लिया , जबकि हिरना कश्यप को वरदान था कि वह न दिन में मरेगा ना रात में मरेगा, अस्त्र से ना शस्त्र से, मानव सेना जानवर से ,घर में ना बाहर, इसके बावजूद भगवान ने भक्त प्रल्हाद की रक्षा करने के लिए खंभे से प्रकट नरसिंह रूप में प्रकट होकर हिरणकश्यप का वध किया। पंडित



विजय पांडे ने कहा कि कलयुग में भगवान की भक्ति और भजन ही व्यक्ति को सन्मार्ग पर पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कितना सोना, चांदी , धन जोड़ लो, महल बना लो ,यह कुछ भी साथ नहीं जाता है ,साथ केवल आपके भजन पूजन और सत्कर्म ही जाते हैं । मनुष्य को भगवान का भजन करना चाहिए । पंडित विजय पांडे ने कहा कि यज्ञ परिक्रमा करने से समस्त पापों का नाश होकर श्रद्धालु को मनवांछित फल मिलता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्री राम रूद्र महायज्ञ महिमा बताई श्री । इस अवसर पर कॉलोनी के डायरेक्टर , सत्यम अग्रवाल , अशोक अग्रवाल, सहित कॉलोनी के गणमान्य नागरिक दिन भर उपस्थित रहे।

शाम को संध्या आरती के पश्चात कॉलोनी की महिलाओं ने यज्ञ स्थल पर भजन कीर्तन किए । दिन भर यज्ञ की परिक्रमा करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

# आदतन अपराधी अज्जू शर्मा के मकान पर बुलडोज़र चला



शिवपुरी - नवागत एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत शहर के फिजीकल थाना क्षेत्र के करौंदी कॉलोनी में प्रशासन ने एक आदतन अपराधी अज्जू शर्मा के मकान को प्रशासन ने जमींदोज कर दिया। उक्त आरोपी पर पुलिस ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था। उसके बाबजूद भी वह पुलिस की पकड से दूर था। उक्त आरोपी पर शिवपुरी और ग्वालियर में 24 मामले दर्ज है। जिसके चलते प्रशासन ने आज कार्यवाही करते हुए आरोपी के करौंदी कॉलोनी में स्थिति मकान को जमींदोज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अज्जू ऊर्फ अजय शर्मा पुत्र हरिराम शर्मा निवासी चन्द्रावदनी का नाका ग्वालियार का शिवपुरी के करौंदी कॉलोनी में मकान है। उक्त आरोपी पर ग्वालियर में कुल 15 अपराध चोरी, मारपीट, अवैध हथियार, हत्या के प्रयास, लूट आदि के मामले दर्ज है। इसके साथ ही उक्त आरोपी पर अमोला थाने में 2 नकबजनी और 1 नकबजनी का आरोप करैरा थाने में साथ ही नरवर और कोतवाली सहित 5 आरोप दर्ज है। इन सभी आरोपों में आरोपी फरार चल रहा था। जिसके चलते शिवपुरी पुलिस ने इस आरोपी पर पांच हजार रूपए का इनाम घोषित किया था,जिसके चलते आज प्रशासन ने करौंदी कॉलोनी में एसडीओपी अजय भार्गव, सिटी कोतवाली टीआई अमित भदौरिया, फिजिकल थाना प्रभारी अरविंद छारी और नगर पालिका शिवपुरी सीएमओ केशव सिंह सगर सहित नगर पालिका का अमला हिटैची लेकर पहुंचा और इस फरार बदमाश का मकान जमींदोज कर दिया।पुलिस उक्त आरोपी की तलाश में भी जुटी हुई है।

# भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती पर नगर मे निकाली गई प्रभात फेरी



दमोह । जबेरा विश्व में अहिंसा का संदेश देने वाले,जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव जयंती जबेरा नगर में बड़ी ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। महावीर जयंती के एक दिन पूर्व युवाओं द्वारा अहिंसा बाइक रैली नगर भ्रमण हेतु निकाली।वहीं सोमवार को महावीर जयंती के सु अवसर पर सुबह प्रभात फेरी गाजे बाजे के साथ निकालने उपरांत श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर में शांति धारा,श्री वर्धमान विधान का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर में नगर में भव्य श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें पालकी में श्री जी को विराजमान कर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा श्रीफल अर्पित कर घर घर आरती की। यह शोभायात्रा जैन मंदिर जबेरा से पुराना बाजार, नया बाजार ,श्रीराम चौराहा, महावीर चौक होते हुए बस स्टैंड, कॉलेज परिसर तक पहुंची। शोभायात्रा के नगर भ्रमण उपरांत पुन मन्दिर में अभिषेक,शांतिधारा का धर्मलाभ श्रद्धालुओं ने लिया।

महावीर जयंती पर सभी घरों में रंगोली व मंदिर जी में आकर्षक साज-सज्जा देखने योग्य थी ।युवाओं ब पाठशाला परिवार की दीदियों द्वारा उत्साह पूर्वक जमकर नृत्य किया। इसके उपरांत शाम को महा आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महावीर जयंती पर्व पर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मांग की गई थी कि विश्व को अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव पर ग्राम में मीट मार्केट बंद रखा जावे। जिस को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी इंद्रा सिंह,प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव ब समस्त स्टाफ के द्वारा ग्राम में मीट दुकानों को बंद करवाया गया व लोगो को अहिंसा का संदेश दिया। शोभायात्रा में सकल दिगंबर जैन समाज सहित अनेकांत विधापाठशाला परिवार ब बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। शोभायात्रा को व्यवस्थित बनाने पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थि ति होने से यातायात व्यवस्था भी अच्छी बनी रही।

# धूमधाम से मना भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव

## नगर मुख्य मार्ग से निकली भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा

बैरसिया। जैन धर्म के 24 व अंतिम तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक, भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े से धूम धाम से भक्ति भाव से मनाया गया । मंदिरों से सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही, भगवान महावीर स्वामी की पूजन और भजन से मंदिर गूंज रहे थे, सुबह नित्य शांतिधारा अभिषेक उपरांत भगवान महावीर स्वामी जी की भव्य शोभा यात्रा भक्तों द्वारा रजत पालकी पर निकाली गई। सभी पुरुष वर्ग द्वारा शुद्ध धोती दुपट्टा वस्त्र मे भगवान की पालकी को कंधा देकर, महावीर मार्ग चोपड़ बाजार से नगर के मुख्य मार्ग होती हुई, महावीर जिनालय जैन कॉलोनी पहुंची। जहां सारे रास्ते मे भक्तों द्वारा भगवान की आराधना, नृत्य और भजन द्वारा की गई।



### हुए भगवान के अभिषेक पूजन

इसके उपरांत भगवान महावीर स्वामी जी की अभिषेक, शांति धारा मन्त्रों द्वारा महावीर जिनालय आचार्यश्री विद्यासागर संयम भवन जैन कॉलोनी परिसर में की गई। भक्तों द्वारा भगवान के अभिषेक शांति धारा बड़े जोर शोर से भक्ति भाव से बोली के माध्यम से लेकर की गई। भगवान महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर जैन समाज बैरसिया के युवा वर्ग द्वारा अहिंसा रैली का आयोजन बाइक और साइकिल के साथ किया गया, जिसमें भगवान महावीर के उपदेशों के नारों के साथ अहिंसा रैली का आयोजन हुआ। महावीर जयंती के कार्यक्रम मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैरसिया आदित्य जैन, समाज अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन सहित सभी समाज जन उपस्थित रहे।

# 48 तोला सोना, 2 किलो चांदी, नगदी सहित आरोपी गिरफ्तार



रायसेन। जिले के गैरतगंज पुलिस की सफलता है कि सोना चांदी के जेवरात सहित चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी विकास कुमार सहवाल, पुलिस अधिकारियों ने आज पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा किया। तहसील गैरतगंज के वार्ड 15 टेकापार कालोनी में बीते दिनों हुई लाखो की चोरी के मामले में गैरतगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के पास से 48 तोला सोने के जेवरात, 2 किलो चांदी सहित एक लाख रु से ऊपर नगदी बरामद किया है। सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शेहवाल ने गैरतगंज थाने में पूरे मामले का खुलासा किया। गौरतलब है कि बीती 27 मार्च को जनपद पंचायत गैरतगंज कार्यालय में ब्लाक समन्वयक स्वच्छता मिशन की क्रांति चौधरी के घर से चोरी होने का मामला सामने आया था। लगभग 30 लाख से ऊपर की चोरी के बाद पुलिस हरकत में आई तथा जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी सुनील बरकड़े एवं थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने पुलिस टीम के साथ इस मामले में सफलता हांसिल की। चोरी के मामले में आरोपी इमरान खान निवासी मंडीदीप को गिरफ्तार कर चोरी का माल जब्त किया है। पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस की सभी जगह तारीफ हो रही है।

# महावीर जयंती पर योगा स्टार परिवार ने किया शोभायात्रा का स्वागत





छतरपुर/महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के बंधुओं के द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का योगा स्टार परिवार के द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया

योगा स्टार परिवार के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया शोभायात्रा में जहां एक और जैन समाज के बंधुओं ने सफेद ड्रेस में रहकर शोभा यात्रा रोचक बनाया वहीं दूसरी ओर जैन संत मुनियो ने प्रमुख रूप से शोभा यात्रा मैं स्वयं रहकर शोभा यात्रा का गौरव बढ़ाया यह यात्रा सिटी कोतवाली के पास बने जैन मंदिर से प्रारंभ हुई महल रोड छत्रसाल चौक मेला ग्राउंड आकाशवाणी तिराहा जवाहर रोड बस स्टैंड मऊ दरवाजा हटवारा चौक बाजार होते हुए सिटी कोतवाली के पास जैन मंदिर पर समापन हुआ मऊ दरवाजा स्थित दूधनाथ मंदिर के पास योगा स्टार परिवार के सभी सदस्यों ने भगवान महावीर स्वामी की आरती की एवं शोभायात्रा में चल रहे सभी जैन बंधुओं को शीतल जल पिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर मनीष गुप्ता भोले राजेन्द्र पिपरसानिया श्यामजी गुप्ता पवन गुप्ता पंकज गंधी प्रमोद गुप्ता गिरजा पाटकर आनंद अग्रवाल दीपक गुप्ता अनंत अग्रवाल डब्बू मनोज कुमार अग्रवाल राहुल समारी प्रदीप दुबे मनोज जैन सौरभ गुप्ता उपस्थित रहे

# आरबीआई ने नीरज निगम को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

मुंबइ एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीरज निगम को सोमवार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया। उपभोक्ता शिक्षा एवं संरक्षण समेत चार विभागों की कमान अब उनके हाथों में होगी। इससे पहले निगम, भोपाल स्थित आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में निदेशक पद पर थे।

वह आरबीआई के केंद्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न जिम्मेदारियों को संभाल चुके हैं। इस क्षेत्र में उन्हें तीन दशक से भी अधिक समय का अनुभव है। आरबीआई ने एक बयान में बताया कि कार्यकारी निदेशक के तौर पर निगम उपभोक्ता शिक्षा एवं संरक्षण विभाग, वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग, कानून विभाग और सचिव विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# अमेजन.इन पर 6 से 9 अप्रैल तक होम शॉपिंग स्प्री के साथ हो जाइए गर्मी के मौसम के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** इस बार गर्मी के मौसम में अपने घर को एकदम नया लुक दीजिए और अमेजन.इन पर होम शॉपिंग स्प्रीपावर्ड बाय प्रेस्टीज, के साथ घर पर इस सीजन को सुकून के साथ बिताइये। ग्राहक गर्मी के इस मौसम में होम एंड किचन अप्लायंसेस जैसे पानी की बोतलों और लंच बॉक्स, डीप फ्रीजर और कूलर, पंखे और कूलर, इनवर्टर, बेडशीट, कर्टेन लाइंस, वाटर डिस्पेंसर सहित विभिन्न प्रोडक्ट 6 से 9 अप्रैल 2023 तक रोमांचक डील्स और ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन.इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत के इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबरशिप वाले ग्राहकों को 1000 रुपये के न्यूनतम लेनदेन पर 250 तक की छूट के साथ कूपन, कॉम्बो ऑफर, बाय मोर एंड सेव मोर ऑफर, रोमांचक डील और एक्सचेंज ऑफर जैसे कई अतिरिक्त लाभ मिलते हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को प्रेस्टीज, हैवेल्स, बजाज, एक्वालियन, ल्यूमिनस, ब्लू स्टार, रॉकवेल, अर्बन टेरेन जैसे कुछ टॉप ब्रांड पर बचत करने का मौका मिलता है। अमेजन.इन के इस खास स्टोर्स के साथ गर्मी के मौसम के लिए तैयार हो जाइए। यहां होम और किचन क्लीयरेंस स्टोर पर ग्राहक 80 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, होम और किचन अप्लायंसेज पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट और बाय मोर एंड सेव मोरके लाभ के साथ अपने घर को नया रूप दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक ओरिएंट, ऑरावे, टोसा, अर्बन टेरेन, कल्ट स्पोर्ट, योनेक्स, फिलिप्स और बहुत कुछ जैसे टॉप ब्रांडों के होम और किचन प्रोडक्ट के लॉन्च पर रोमांचक डील्स प्राप्त कर सकते हैं।

# आईडीबीआई बैंक ने एनईएसएल के साथ गठबंधन में ई-बैंक गारंटी सुविधा लॉन्च की

**मुंबई, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ लिमिटेड (एनईएसएल) के साथ गठबंधन में ई-बैंक गारंटी (द्र-द्भद्य) सुविधा लॉन्च की है, जिसके बाद बैंक गारंटी जारी करने की पेपर पर आधारित प्रक्रिया ई-स्टांप और ई-सिग्नेचर की मदद से होने लगेगी। इसके साथ ही बैंक ने अपने ग्राहकों को डिजिटल और यूज़र-फ्रेंडली सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयास में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। यह आईडीबीआई बैंक के लिए व्यवसाय के परिवेश में एक परिवर्तनकारी बदलाव है, जिसमें बैंक गारंटी का उपयोग ऊँचे वॉल्यूम के लिए होता है, और यह नई पहल ज्यादा पारदर्शिता लाकर टर्न-अराउंड टाइम को दिनों से घटाकर मिनटों तक ले आएगी। ई-बीजी ई-स्टांपिंग और ई-सिग्नेचर के साथ प्रोसेस किए जा सकते हैं और कुछ ही मिनटों में हितग्राही को सौंपे जा सकते हैं। सुरक्षित ट्रांसमिशन और विस्तृत पारदर्शिता के साथ हितग्राही के फिज़िबल बैंक गारंटी के सत्यापन में लगने वाले समय और ऊर्जा की बचत होती है। इन सेवाओं के बारे में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने कहा, ''अपने ग्राहकों को डिजिटल प्रस्तुतियों द्वारा सुरक्षित और तीव्र बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना सदैव से बैंक के बड़े डिजिटल अभियानों का मुख्य केंद्र रहा है। ई-बीजी सुविधा के लिए एनईएसएल के साथ गठबंधन करना खुशी की बात है। इससे ई-स्टांपिंग और ई-सिग्नेचर द्वारा अंतिम छोर तक बीजी प्रक्रिया के डिजिटाईज़ेशन की चुनौती का हल मिल गया है। यह आवेदकों और हितग्राहियों के लिए ईज़ ऑफ बिज़नेस की ओर एक बड़ी पहल है।''श्री देबज्योति रे चौधरी, एमडी एवं सीईओ, एनईएसएल ने कहा, ''एनईएसएल का ई-बीजी एक पेपरलेस प्रक्रिया है, जो एनईएसएल पोर्टल पर ई-बीजी के हितग्राहियों को रजिस्ट्रेशन के लिए डिजिटल रूप में उपलब्ध है। यूज़र के रजिस्ट्रेशन की यह प्रक्रिया सरल है, और समय पर उपलब्ध है। ई-बीजी थोक यूज़र्स के लिए एनईएसएल एक एपीआई द्वारा ईआरपी सिस्टम्स के साथ इंटीग्रेशन भी प्रस्तुत करता है।

मैं आईडीबीआई बैंक की टीम को बधाई देता हूँ, जो इस उत्पाद को पेश करने के लिए हमारी टीम के साथ तालमेल में निरंतर प्रयास कर रही है।''

# मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंची: पीएमआई

नई दिल्ली, एजेंसी। नए ऑर्डर तथा उत्पादन में विस्तार होने और मांग में जुझारूपन तथा लागत दबाव में कमी आने के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मार्च महीने के दौरान तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह कहा गया।

एसएंडपी ग्लोबल भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च माह में बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया। इससे पहले फरवरी में यह 55.3 पर था, जो 2023 में अब तक परिचालन परिस्थितियों में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है। मार्च के पीएमआई आंकड़े के अनुसार, लगातार 21वें महीने के लिए समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ है।

पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊपर रहने का अर्थ है कि कारोबारी गतिविधियों में विस्तार हुआ है, जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट हुई है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, मार्च में भारतीय सामानों की अंतर्निहित मांग मजबूत रही। उत्पादन में लगातार विस्तार हो रहा है और कंपनियों ने अपना भंडार बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

सर्वे के मुताबिक लागत संबंधी मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल के अपने दूसरे सबसे निचले स्तर पर आ गई और इसकी वजह आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होना तथा कच्ची सामग्री की उपलब्धता बढ़ना है। रिपोर्ट कहती है कि 96 प्रतिशत कंपनियों को फरवरी के बाद से लागत दबाव में कोई परिवर्तन महसूस नहीं हुआ है। लीमा ने कहा, ''पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में बिक्री के दाम और बढ़े हैं लेकिन मुद्रास्फभीति की दर सामान्य है और लगभग फरवरी जितनी ही है। बिक्री बढ़ाने की खातिर शुल्क जस के तस रखे गए हैं।''रोजगार के मोर्चे पर, व्यापार में मामूली वृद्धि होने की वजह से कंपनियों ने नई भर्तियां नहीं की।

# सेल ने कच्चे इस्पात का 1.828 करोड़ टन का रिकॉर्ड उत्पादन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) ने 2022-23 में 1.828 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 प्रतिशत अधिक है। सेल ने एक बयान में बताया कि 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष में हॉट मेटल (द्र०?य लोहा) का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़कर 1.94 करोड़ टन पर पहुंच गया।

# ऑल टाइम हाई पर जा सकता है रिलायंस का शेयर

## पिछले साल आई थी 11 परसेंट से अधिक गिरावट

### पहली बार 3,000 रुपये तक पहुंच सकता है शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर नए फाइनेंशियल ईयर में ऑल टाइम हाई पर पहुंच सकता है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में रिलायंस के शेयर में 11.5 फीसदी की गिरावट आई थी। लेकिन साल के आखिरी दिन यह 4.3 फीसदी उछल गया। कंपनी ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग करने की योजना बनाई है। इससे नए वित्त वर्ष में कंपनी का शेयर पहली बार 3,000 रुपये के पार पहुंच सकता है। जानकारों का कहना है कि अगर मुकेश अंबानी ने अपने नए वेंचर पर आक्रामक रुख दिखाया तो इससे न केवल पेटीएम और फोनपे जैसी पेमेंट फिनटेक कंपनियों पर असर होगा बल्कि बजाज फाइनेंस जैसी एनबीएफसी कंपनियों पर भी प्रभावित होंगी। भास्कर चक्रवर्ती ने कहा कि फाइनेंशियल सर्विसेज में रिलायंस की एंट्री से देश में कंज्यूमर और कमर्शियल लोन के लिए नए अवसर पैदा होंगे। डिमर्जर और लिस्टिंग में छह महीने तक का समय लग सकता है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से टेक, एनालिटिक्स, रिकवरी प्लेटफॉर्म्स बनाए जा सकते हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज ने रिलायंस के शेयर का प्राइस टारगेट बढ़ाकर 3,100 कर दिया है। दोपहर बाद एक बजे कंपनी का शेयर बीएसई पर 0.35 फीसदी गिरावट के साथ 2323.00 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

### क्यों आ सकती है तेजी

एनालिस्ट्स का कहना है कि फाइनेंशियल सर्विसेज के अलावा भी कई फैक्टर रिलायंस के शेयरों में तेजी का कारण बन सकते हैं। स्ह्लश्न×ड्डश्न× के मनीष चौधरी ने कहा कि चीन की इकॉनमी के फिर से खुलने से नियर टर्म में कंपनी का ओ2सी बिजनस इम्प्रूव हो सकता है। टैरिफ बढ़ने या 5जी कैपेक्स मोनटाइजेशन से जियो प्लेटफॉर्म का कैश फ्लो बढ़ सकता है। साथ ही अपस्ट्रीम गैस बिजनस में भी सुधार आ सकता है। इसके अलावा रिटेल बिजनस में स्ट्रॉन्ग ग्रोथ की संभावना है।

कोटक के एनालिस्ट्स का कहना है कि रिलायंस का हालिया प्रदर्शन उनके गले के नीचे नहीं उतर रहा है। सभी वर्टिकल्स में आउटलुक पॉजिटिव है। ब्रोकरेज के मुताबिक रिलायंस के शेयर की कीमत 2,900 रुपये होनी चाहिए। टेक्निकल चार्ट पर रिलायंस के स्टॉक ने स्ट्रॉन्ग बुलिश कैंडल पैटर्न बनाया है। इसका आरएसआई भी आगे तेजी का इशारा दे रहा है।

# बिसेन मल्टीस्पेशलिटी हास्पीटल का उद्घाटन आज



**सिवनी।** जिले के लोगों को सिवनी मुख्यालय में एक बड़े हास्पीटल की सौगात बिसेन मल्टीस्पेशलिटी हास्पीटल के रूप में मिलने जा रही है, जिसका उद्घाटन आज 4 अप्रैल 2023 को महामंडलेश्वर दंडी स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज के सानिध्य और केन्द्रीय जलशक्ति नियोजन खाद्य प्रसंस्करण मंत्री प्रहलाद पटेल के करकमलों से करकमलों से होने जा रहा है। नगर के बबरिया रोड पर सांसद डाक्टर ढालसिंह बिसेन निवास के समक्ष बने इस सर्व सुविधा युक्त अस्पताल में जिले सहित बाहर के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीमों का लाभ एक ही छत के नीचे नगर की जनता को मिलेगा।

सांसद डाक्टर ढालसिंह बिसेन के होनहार सुपुत्र आर्थो विशेषज्ञ डा. लोकेश बिसेन और पुत्रवधू श्रीमती डॉ. जागृति बिसेन के संयुक्त प्रयासों से सिवनी मुख्यालय में एक ऐसा सर्व सुविधा युक्त अस्पताल बनकर तैयार हो गया है कि जहां अत्याधुनिक विश्व स्तरीय मेडिकल सुविधा एंव सर्जिकल हास्पीटल में 24 घंटे आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

समस्त संसाधनों से परिपूर्ण इस हास्पीटल के शुभारंभ अवसर पर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, श्रीमती भानुमति बिसेन, डाक्टर लोकेश बिसेन, डा. जागृति बिसेन ने सभी आत्मीय जनों से उपस्थित की अपील की है।

# क्रडिट सुइस बैंक में यूबीएस कर रहा बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी, 36000 कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभार में आर्थिक मंदी की आहट के बीच कई बड़ी कंपनियों में छंटनी की जा रही है। अब क्रेडिट सुइस बैंक को लेकर एक बड़ी खबर आ रही हैं। बैंक को यूबीएस द्वारा टेकओवर के बाद कम से कम 20 से 30 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की जा सकती है। ऐसे में कम से कम बैंक में काम करने वाले 36,000 कर्मचारियों पर इसका असर दिखेगा। ब्लूमबर्ग में छपी रिपोर्ट के मुताबिक यूबीएस द्वारा क्रेडिट सुइस बैंक के टेकओवर के बाद से ही बैंक में बड़े पैमाने पर छंटनी के कयास लगाए जा रहे थे। बैंक द्वारा की जाने वाली छंटनी का असर स्विट्जरलैंड के अलावा बाकी देशों के कर्मचारियों पर भी पड़ेगा।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ स्विट्जरलैंड में 11,000 कर्मचारियों पर इस छंटनी का असर पड़ेगा। यूबीएस और क्रेडिट सुइस बैंक दोनों मिलाकर स्विट्जरलैंड में कुल 1.25 लाख लोगों को रोजगार देते हैं जो कि देश की कुल रोजगार का 30 फीसदी हिस्सा है। ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले महीने क्रेडिट सुइस ने यूबीएस के अधिग्रहण से पहले ही अपने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी का फैसला किया था। ऐसे में दोनों बैंकों के मर्जर के बाद कई एक्सपर्ट्स ने यह पहले ही अनुमान लगाया था कि आने वाले वक्त में क्रेडिट सुइस बैंक में बड़े पैमाने पर छंटनी देखी जा सकती हैं। अब इसका इसका साफ असर देखा जा सकता है।

साल 2023 में ग्लोबल बैंकिंग संकट की शुरुआत अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के साथ शुरू हुई है। इसके बाद अमेरिका का सिग्नेचर बैंक भी कुछ दिन के बाद डूब गया।

# सऊदी और ओपेक ने की तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा, पेट्रोल-डीजल हो सकता है महंगा!

**दुबई एजेंसी।** सऊदी अरब और ओपेक प्लस देशों ने अगले महीने से कच्चे तेल के उत्पादन में हर दिन लगभग 1.16 मिलियन बैरल की कटौती करने की घोषणा की। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच तेल निर्यातक देशों के इस कदम से दुनियाभर के साथ भारत में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। साथ ही रियाद एवं अमेरिका के रिश्ते और तल्ख हो सकते हैं।

वहीं, सऊदी अरब ने कहा है कि वह मई से 2023 के अंत तक तेल उत्पादन में हर दिन पांच लाख बैरल की कटौती करेगा। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री ने रविवार को कहा कि इस कदम से तेल बाजार को स्थिर करने में मदद मिलेगी। कटौती कुछ ओपेक और गैर-ओपेक देशों की सहमति से की जाएगी। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उत्पादन में यह कमी अक्तूबर, 2022 में घोषित कटौती के अतिरिक्त होगी।



वहीं, भारत की तरह ही पाकिस्तान ने भी रूस से कच्चे तेल खरीदने की योजना बनाई है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने बताया कि अगले महीने पाकिस्तान पहला ऑर्डर देगा।

उधर, भारत सरकार ने घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इनके निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। अधिसूचना में तेल रिफाइनरी कंपनियों से कहा गया है कि वे अपने सालाना पेट्रोल निर्यात का 50 फीसदी व डीजल निर्यात का 30 फीसदी घरेलू बाजार में उपलब्ध कराएंगी। इसका असर उन गैर सरकारी कंपनियों पर पड़ सकता है, जो रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर उन्हें रिफाइन कर महंगा पेट्रोल-डीजल दूसरे देशों को बेच रही हैं। प्रतिबंध कितने समय के लिए लगाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

# मार्च में मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियां 3 महीने के उच्च स्तर पर, हिट किया 56.4 का स्तर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च महीने में भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ में तेजी कायम रही है। 3 अप्रैल को आए आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2023 में भारत का एस एंड पी ग्लोबल पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स फरवरी के 55.3 के स्तर से बढ़कर 56.4 के स्तर पर आ गया है। बता दें की अगर ये आंकड़ा 50 के ऊपर रहता है तो इसका मतलब ये होता है कि मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियों में तेजी आई है। वहीं, अगर ये आंकड़ा 50 के नीचे होता है तो इसका मतलब ये होता है कि मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियों में गिरावट आई है। ये भी बताते चलें की मार्च 2023 में लगातार 21वें महीने ये आंकड़ा 50 के ऊपर रहा है। 56.4 के स्तर पर मार्च 2023 का मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का ये आंकड़ा तीन महीने का हाइएस्ट लेवल है।

एसएंडपी ग्लोबल ने एक बयान में कहा, भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर ने वित्तवर्ष 2022-23 के अंतिम तिमाही में जोरदार प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष के अंतिम तीन महीनों में कारखानों को मिलने वाले ऑर्डर और इनके उत्पादन दोनों में तिमाही आधार पर सबसे ज्यादा बढ़त देखने को मिली है। कंपनियों ने बताया है कि इस अवधि में उनकी मार्केटिंग रणनीति ने अच्छा प्रतिफल दिया है। इसके अलावा में मांग में मजबूती और कम्पिटीटिव प्राइसिंग से भी मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियों को बल मिला है।नए निर्यात ऑर्डर बढ़ने



से मार्च में भारतीय सामानों की विदेशी मांग भी बढ़ी है। हालांकि, ऐतिहासिक स्तरों की तुलना में देखें तो नए निर्यात ऑर्डरों में बढ़त की दर सुस्त रही है।

जानकारों का मानना है कि देश में उत्पादन गतिविधियों में तेजी से पॉलिसी मेकरों को मूड में सुधार आएगा। बता दें कि हाल के महीनों में देश में उत्पादन गतिविधियों में सुस्ती देखने को मिली थी। हालांकि सर्विस सेक्टर की गतिविधियां नया हाई लगाती दिखीं थीं। पिछले महीने जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी में सर्विसेज पीएमआई अपने 12 साल के उच्चतम स्तर 59.4 पर

# अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद और आयुष मंत्रालय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद और राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद क्लिनिकल ई लर्निंग (आयुरसेल एक ऑनलाइन पोर्टल) को बहुरूपी विकसित करने और आयुर्वेद में नैदानिक अध्यनो का संग्रह बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग चिकित्सकों को मल्टीमीडिया द्वारा व्यवस्थित रूप से समर्थित नैदानिक परिणामों की रिपोर्ट करने में मदद करके अभ्यास-आधारित साक्ष्य उत्पन्न करने की सुविधा प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन पर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की ओर से डॉ. कौस्तुभ उपाध्याय और अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद की ओर से स्वामी शंकरामृतानंद पुरी ने हस्ताक्षर किए।

आयुर्वेद क्लिनिकल ई-लर्निंग (आयुरसेल) परियोजना का उद्देश्य डिजिटल रूप में सफल आयुर्वेद चिकित्सकों के नैदानिक अनुभवों को उपलब्ध कराने के लिए एक वेब प्लेटफॉर्म बनाकर इस प्रकार के संग्रह की कमी को पूर्ण करना हैं। यह प्रारूप प्रलेखित मामले के अध्ययन के आधार पर निरंतर नैदानिक अध्यन से जुडी जानकारी विवरण प्रदान करेगा।

समझौता ज्ञापन अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद, केरल और आरएवी (राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ) दोनों संस्थानों के आपसी हित के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, इसके अंतर्गत आरएवी (सीआरएवी) छात्रों के सर्टिफिकेट कोर्स के चयनित क्लिनिकल अध्यन विवरण को उनके संबंधित गुरुओं से उचित सत्यापन के बाद आयुरसेल पोर्टल पर हर महीने के प्रारम्भ में स्क्रीनिंग के लिए प्रस्तुत किया जायेगा। अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद, केरल अपने चयन मानदंड के अनुसार प्रस्तुत मामलों की जांच करेगा और अध्यन विवरणों का अद्यतन और आगे की कार्रवाई कर विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद पोर्टल में प्रकाशित करेगा।

# जिस रोगी पर पहले सर्जरी असंभव मानी गई ,उसे वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर में उन्नत लिवर सर्जरी ने बचाया

### विदर्भ में रोगियों के लिए एक नई आशा

**नागपुर, एजेंसी।** वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर और साउथ एशियन लिवर इंस्टीट्यूट के बीच गठजोड़ और साझेदारी ने विदर्भ क्षेत्र में लिवर कैंसर के मरीजों के लिए नई उम्मीद जगाई है। एक मरीज को पहले बताया गया था कि इलाज के लिए कोई विकल्प मौजूद नहीं है, तब दिसंबर 2022 में प्रोफेसर डॉ. टॉम चेरियन एंड टीम द्वारा मरीज समीक्षा की गई। सावधानीपूर्वक पुनर्मूल्यांकन और उन्नत सर्जिकल विशेषज्ञता के साथ टीम ने वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर में एक जटिल ऑपरेशन किया, जिससे कैंसर को पूरी तरह से हटा दिया गया। अब सर्जरी के लगभग 1 महीने बाद, मरीज और परिवार उसकी उम्र के किसी भी व्यक्ति की तरह जीवित रहने के साथ सामान्य जीवन जीने की उम्मीद कर सकते हैं।




अनिल पाटिल को पहली बार लगभग 2 साल पहले लिवर कैंसर होने का पता चला था। फिर उन्होंने इलाज के लिए कई अस्पतालों का दौरा किया और यहां तक कि हैदराबाद की यात्रा करने के बावजूद, डॉक्टरों को कोई विकल्प नहीं मिला जो रोगी को ठीक कर सके। इसलिए उन्हें बार-बार कीमोथेराप्यूटिक उपचार दिया गया जिससे वे केवल कुछ महीनों तक जीवित रह सकते थे । हालाँकि, एक मित्र की सलाह पर, श्री एपी ने दिसंबर 2022 में प्रोफेसर डॉ टॉम चेरियन से मिलने का फैसला किया, जिन्होंने पूरे इतिहास और पिछली सभी जाँचों का सावधानीपूर्वक पुनर्मूल्यांकन किया। लंदन और हैदराबाद में ट्रांसप्लांट के अनुभव के साथ , प्रोफेसर चेरियन ने परिवार को सुझाव दिया कि थोड़ा जटिल ऑपरेशन के साथ यह संभावना थी कि वह कैंसर को पूरी तरह से हटा सकते हैं जो संभावित रूप से रोगी के लिए पूर्ण इलाज की अनुमति दे सकता है। उनके वचन के अनुसार, ऑपरेशन योजना के अनुसार किया गया था और श्री एपी को लगभग 10 दिन बाद छुट्टी दे दी गई थी, जिसमें हिस्टोलॉजी रिपोर्ट ने पुष्टि की थी कि कैंसर वास्तव में पूरी तरह से निकाला गया था और अंदर कोई कैंसर नहीं बचा था। दिल को छूलेने वाली यह कहानी विदर्भ क्षेत्र में चिकित्सा देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यहां के सैकड़ों लिवर रोगियों को नई उम्मीद देती है।

डॉ. टॉम चेरियन, सीनियर लिवर स्पेशलिस्ट एंड ट्रांसप्लांट सर्जन, और साउथ एशियन लिवर इंस्टीट्यूट के संस्थापक ने इस अवसर पर कहा की, मैं मरीज के लिए खुश हूं कि सर्जरी अच्छी रही और भगवान हमारे साथ थे। हालांकि मैं यह बताना चाहता हूं कि इस मामले का महत्व सिर्फ एक मरीज से परे है। यह मामला लिवर कैंसर के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रदर्शित करता है जिनके बारे में हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। एक लीवर प्रत्यारोपण में काम करने के साथ हमने एक, उन्नत कौशल हासिल किया है , जिससे ऐसे कई कैंसर जिन्हें पहले निष्क्रिय माना जाता था, उन्हें ऑपरेशन योग्य बनाया जा सकता है। दो, यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि हमारी आबादी में अब उपलब्ध नई तकनीकों के बारे में जागरूकता बहुत कम है। तीन, तीसरा, यह मामला कीमोथेरेपी बनाम उपचारात्मक सर्जरी के बीच स्पष्ट अंतर को प्रदर्शित करता है, जो केवल लिवर कैंसर में जीवित रहना बढ़ा सकता है।

# दीर्घवृत्ताकार वक्रों पर राष्ट्रीय गणित केंद्र कार्यशाला आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम में शुरू हुई

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान तिरुवनंतपुरम (आईआईएसईआर टीवीएम)में नेशनल सेंटर फॉर मैथमैटिक्स के सहयोग से 3 से 15 अप्रैल 2023 तक एलिप्टिक कर्व्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला पीएचडी और पोस्टडॉक्स वैज्ञानिकों को अण्डाकार वक्रों के क्षेत्र में अपने शोध को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रही है। अण्डाकार वक्र सिद्धांत गणित की कई शाखाओं को जोड़ता है, जिसमें बीजगणितीय ज्यामिति, संख्या सिद्धांत, जटिल विश्लेषण और प्रतिनिधित्व सिद्धांत शामिल हैं। इस क्षेत्र में भारी मात्रा में अनुसंधान किया जा रहा है।कार्यशाला छात्रों को अंकगणित ज्यामिति और इवासावा सिद्धांत के विशेषज्ञों के साथ सीधे बातचीत करने और विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए प्रभावित करेगी। यह प्रतिभागियों को क्रिप्टोग्राफी और इलिप्टिक कर्व्स से संबंधित अन्य विषयों में शोध करने के लिए भी प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, डॉ. श्रीलक्ष्मी कृष्णमूर्ति, कार्यक्रम आयोजक और सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम ने कहा,अण्डाकार वक्रों पर ह्वह्लरूकार्यशाला प्रतिभागियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी।इसकार्यशाला भारत के विभिन्न संस्थानों से 60सेअधिक प्रतिभागी हैं, जिनमें वैज्ञानिक और संकाय सदस्य शामिल हैं। इसीकेसाथकार्यशालामेंचार ट्यूटर भी हैं जो कम्प्यूटेशन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए ट्यूटोरियल सत्र आयोजित करेंगे। फैकल्टी ने आगे कहा,संख्या सिद्धांत गणित के सबसे पुराने क्षेत्रों में से एक है, ऐसी समस्याएं जो हजारों वर्षों से अनसुलझी हैं और आज भी लोगों को आकर्षित करती हैं। बौधायन जैसे गणितज्ञ जिन्होंने पाइथागोरस के प्रमेय के रूप में आमतौर पर पाइथागोरस के प्रमेय के रूप में जाना जाता है, की खोज की।सजानाशून्य अंक के साथ अंकगणित के नियम। तेजी से आगे एक या दो सहस्राब्दी और संख्या सिद्धांत क्रिप्टो सिस्टम में निहित है जो हमारे बैंक खातों और हमारे व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करता है और आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अंग है। इन क्रिप्टो प्रणालियों के अंतर्निहित समीकरणों को अण्डाकार वक्र कहा जाता है। वे महान रहस्य की वस्तु बने हुए हैं।

## आज आयेंगे केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर एल. मुरूगन



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि डॉक्टर एल मरूगन केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी मंत्रालय एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय राज्यमंत्री का आज दिनांक 4 अप्रैल मंगलवार को छिंदवाड़ा आगमन होगा। श्री मुरूगन जी का आज सुबह 9.30 बजे नागपुर से छिंदवाड़ा आगमन होगा। सुबह 10 बजे महावीर जयंती के अवसर पर जैन मंदिर गुलाबरा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे ग्राम भैसादंड में मत्स्य विभाग के मत्स्य आहार संयंत्र का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12 बजे ग्राम बांडरबोह में शासकीय गौशाला निरीक्षण करेंगे। दोपहर 2 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में भाजपा कोर कमेटी की बैठक लेंगे। दोप 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासकीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। सायं 4.15 बजे ग्राम लालू पिपरिया में सांसद निधि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं स्वेच्छानुदान निधि के हितग्राहियों को चैक वितरण करेंगे । सायं 5.45 बजे छिंदवाड़ा सर्किट हाउस पहुंचेंगे। सायं 6.30 बजे पूजा लॉन में दक्षिण भारतीय परिवारों से भेंट कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं रात्रि 7.30 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 3 वर्ष की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार



**छिन्दवाड़ा ।**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत राज्य शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित टाटा मैजिक पर निर्मित एक प्रचार रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । इस प्रचार रथ द्वारा आज 6 ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया गया है । प्रचार रथ द्वारा आज ग्राम अमारी, भेड़ा, तेंदनी, परतापुर, गढ़ागढ़ और छिंदा में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया ।

## मुख्यमंत्री अमरकंटक में आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया

### जिले की श्री मातृ कृपा गौ-शाला को संस्थागत श्रेणी में मिला सांत्वना पुरूस्कार

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक में आचार्य श्री विद्यासागर जीव



दया पुरस्कार समारोह में शामिल हुये और उन्होंने प्रदेश की श्रेष्ठ गौ-शालाओं, गौ-भक्तों और पशु सेवकों को पुरस्कार वितरित किये । इसी तारतम्य में म.प्र. गौ-संवर्ध्दन बोर्ड भोपाल द्वारा राज्य शासन के आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया (गौ-सेवा) सम्मान योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिये संस्थागत श्रेणी में चयनित छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम तिवड़ाकामथ (बांडाबोह) की संस्था श्री मातृ कृपा गौ-शाला को भी 50 हजार रूपये की राशि का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना के अंतर्गत ग्राम बांडाबोह में श्री मातृ कृपा गौ-शाला संचालित है। इस गौ-शाला में उपलब्ध गौ-वंश, निर्मित शेड, गोबर से खाद निर्माण, गोबर गैस प्लांट आदि के लिये म.प्र. गौ-संवर्ध्दन बोर्ड भोपाल द्वारा इस संस्था को यह पुरूस्कार दिया गया है । इस गौ-शाला के संचालन में जिला प्रबंधक नाबार्ड श्रीमती श्वेता सिंह, गौ-शाला के नोडल अधिकारी डॉ.जितेन्द्र बघेल व सहायक नोडल अधिकारी आर.पी.देशमुख का विशेष सहयोग रहा है ।

# तीर्थंकर महावीर भगवान का मनाया जन्मकल्याण महोत्सव

### श्रीजी का भव्य चल समारोह निकला, मुनिसंघ सहित सकल जैन समाज हुई शामिल



**छिन्दवाड़ा ।** धर्म नगरी छिन्दवाड़ा के लिये चैत्र सुदी तेरस का पावन दिवस ऐतिहासिक हो गया जब सकल जैन समाज ने एक जुट होकर मुनिसंघ के मंगल सानिध्य में वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2622 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर जन मानस को सर्वोदय अहिंसा का संदेश देकर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

#### सामूहिक पूजन कर जन्मकल्याणक की खुशियाँ मनाई

प्रात:काल की मंगल बेला पर सकल जैन समाज ने प्रभात फेरी निकाल कर धर्म नगरी छिन्दवाड़ा को जियो ओर जीने दो का संदेश दिया पश्चात कुण्डलपुर नगरी में दिगम्बर महामुनिराज 108 श्री सुप्रभसागरजी एवं 108 श्री प्रणतसागरजी के मंगल सानिध्य में श्री जिनेन्द्र पूजन कर उनके प्रवचनों का लाभ लिया। श्रीवीर प्रभु के जन्मकल्याणक की खुशी में नगर के समस्त जिनालयों सहित चैत्यालयों में श्री जिनेन्द्र पूजन कर तीर्थंकर महावीर भगवान की पूजन कर जन्मकल्याणक की खुशियाँ मनाई।

#### इंद्रसभा का हुआ आयोजन

श्रीवीर प्रभु के जन्मकल्याणक की खुशी में इंद्र सभा का आयोजन किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र एवं शचि इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्रीमती सीमा मंजू बाकलीवाल तथा धनपति कुबेर - कुबेरानी बनने का सौभाग्य श्रीमती शौभा राजेन्द्र पटौदी को प्राप्त हुआ जिनके साथ अन्य इंद्र - इंद्राणियों ने जन्मकल्याणक की खुशियां मनाई साथ मे कुण्डलपुर नगर में राजा सिद्धार्थ के दरबार सकल समाज ने जन्मकल्याणक के बधाई गीत गाए जिसमे राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला देवी बनने का सौभाग्य श्रीमती माया मुकेश जैन को मिला। सभा का सफल संचालन सोजना से पधारे मंचकलाकार चक्रेश जैन एवं सुमधुर संगीत गीतकार नन्दन जैन द्वारा दिया गया।

#### जन्मकल्याणक का भव्य चल समारोह निकला

श्रीवीर प्रभु के 2622 वें जन्मकल्याणक महोत्सव की खुशी में श्रीजी का विशाल चल समरोह निकाला गया जिसमें मुनिसंघ सहित समाज के त्यागिव्रती ब्रह्मचारी भाई बहन, श्रावकगण एवं आबाल गोपाल सम्मिलित हुए। चल समारोह जीव दया सहित सर्वोदय अहिंसा एवं शिखरजी बचाओ की सुंदर झांकी भी सम्मिलित हुई। चल समारोह ने मंगलगान सहित जयघोष के साथ नगर का भ्रमण किया जहां समाज बंधुओं सहित विविध सामाजिक संगठनों ने चलसमरोह का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

#### तारण भवन प्रांगण में हुआ साधर्मी वात्सल्य भोज

श्रीवीर प्रभु के जन्मकल्याणक महोत्सव की खुशी में सकल जैन समाज सहित सहयोगियों का तारण भवन प्रांगण में साधर्मी वात्सल्य स्नेह भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में समाज बंधु सम्मिलित हुए सफल सुचारू व्यवस्था के लिए सकल समाज ने तारण तरण नवयुवक मंडल को हृदय से शुभकामनाएं देकर साधुवाद दिया।

#### सर्वोदय अहिंसा ने बांटे 2622 जलपात्र

अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर विगत 30 वर्षों से सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक दीपकराज जैन ने ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए दाना पानी रखने हेतु 2622 जलपात्रों का वितरण कर जन्मकल्याणक की शुभकामनाएं दी।

#### पालना झुलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ लिया

रात्रि के समय सकल समाज ने कुण्डलपुर नगरी में बाल तीर्थंकर वीर प्रभु को पालना झुलाकर जन्मकल्याणक की खुशियां मनाकर बधाई गीत गाते हुए आनन्द उत्सव में हिस्सा लिया पश्चात श्री उदारसागर पाठशाला के विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यकर्मो की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पण्डित सुनीलकुमार शास्त्री द्वारा किया गया।

#### इनका मिला विशेष सहयोग

श्रीवीर प्रभु के 2622 वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर आयोजित समस्त धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित चल समारोह, साधर्मी वात्सल्य भोज को सफल बनाने में महोत्सव समिति, सकल जैन समाज सहित दिगम्बर जैन महासभा, श्वेताम्बर जैन समाज, तारण तरण समाज, परवार पंचायत, मुमुक्षु मंडल, कच्छी बीसा ओसवाल जैन संघ, खंडेलवाल पंचायत, गोला पूरब पंचायत, गोलालारे समाज, महाराष्ट्रीयन जैन समाज, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, तारण तरण नवयुवक मंडल, मुनिसेवा संघ, बाहुवली जीव रक्षा संस्थान के साथ समस्त महिला मंडल एवं पाठशाला समिति, अहिंसा टेंट, आर्शीवाद साउंड का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### जियो और जीने दो के संदेश गूंजा शहर

#### बैलगाड़ी पर निकली श्री महावीर स्वामी की शोभायात्रा

सौसर। सोमवार को जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी के 2622 वां जन्मकल्याण महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे विशेष रूप से बैलगाड़ी पर सवार श्री जी का रथ और युवा द्वारा झाकी के स्वरूप बनाई महावीर स्वामी की पालकी आकर्षित का केंद्र रही । इस दौरान जानकारी में जैन मंदिर अध्यक्ष यूसी जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव पर



नगर के सिविल लाइन स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से सुबह गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में जैन समुदाय के महिला और पुरूष वर्ग द्वारा हाथ में झंडे लेकर महावीर जी का शुभ संदेश जीयो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म की जय, सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा नारे की जय घोष के साथ नगर के मुख्य मार्ग सिविल लाइन, भवानी माता चौक,बस स्टैंड, बाजार चौक ,विठ्ठल मंदिर होकर टाकीज चौक से पुन: जैन मंदिर पहुंचे । जहा प्रभु महावीर स्वामी का जैन शास्त्र अनुसार अभिषेक पूजन अर्चन हुआ जिसमे बाद महिलाओं ने भगवान महावीर स्वामी को झूले में झुलाकर जन्म कल्याण महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के सदस्य मोजूद रहे। वही देर शाम मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यकम , नाटक ,भजन और संगीतमय पंच आरती में जमकर श्रोता झूम उठे।

### महावीर जयंती पर निकलेगी रजत जिनवाणी पालकी शोभायात्रा

अमरवाड़ा। धर्म नगरी अमरवाड़ा में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती अमरवाड़ा जैन समाज के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई समाज के परम संरक्षक देवेंद्र जैन और अध्यक्ष अमित जैन ने बताया कि सोमवार प्रात: स्मरणीय परम आराध्य 1008 वर्तमान शासन नायक भगवान श्री महावीर स्वामी जी की 2621वी जन्म जयंती मैं जैन मंदिर पर प्रात: 07ः00 से 08ः00 बजे - देवांगलीय पूजा, 08ः00 से 08ः30 बजे - तारण झंडा वंदन*संपन्न हुआ वही अमरवाड़ा के जैन मंदिर से 08ः30 श्री जिनवाणी जी पालकी शोभायात्रा निकली जहां समाज बंधुओं के द्वारा मां जिनवाणी कि बड़े भक्ति भाव के साथ अपने निवास और प्रतिष्ठान के सामने आरती की गई वही नगर वासियों ने भी बड़े भक्ति भाव के साथ आरती की वही अमरवाड़ा के जैन मंदिर में शोभायात्रा पहुंचकर संगीतमय मंदिर विधि, श्री जिनवाणी पालना झुलाना, आरती, चंदन, प्रसाद कार्यक्रम संपन्न हुए इस अवसर पर अमरवाड़ा जैन समाज के सभी पदाधिकारियों के साथ बाहर से आए हुए लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## शारदा माई मंदिर में शुरू हुआ मेला, नकुलनाथ होंगे शामिल

### विविध कार्यक्रम में होंगे शामिल

**अमरवाड़ा ।** शहर से समीपस्थ ग्राम सालीवाडा शारदा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शारदा माई मेले का आयोजन संपन्न होगा 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेले का शुभारंभ ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ विदित हो की पिछले काफी लंबे समय से श्री शारदा माई मेले का आयोजन जनपद पंचायत अमरवाड़ा के माध्यम से संपन्न होता था लेकिन बीते कुछ दिनों से इस मेले का आयोजन बंद कर दिया गया था पुन: ग्राम वासियों और क्षेत्र वासियों ने आयोजन समिति बनाकर मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया परिणाम स्वरूप पिछले 2 वर्षों से मेले का आयोजन संपन्न हो रहा है जिसमें दूरदराज से लोग एवं व्यापारी गण आते हैं ग्राम सालीवाडा शारदा माई मेला समिति द्वारा बताया गया कि मेले में जस फाग रामायण कबड्डी कुश्ती प्रतियोगिता एवं पट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न होगा जिसको लेकर आयोजन समिति इसकी तैयारी में जुट गई है. ।

#### 6 अप्रैल को आएंगे सांसद नकुल नाथ.



अपने संसदीय क्षेत्र में हर छोटे बड़े आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराने मैं सांसद नकुल नाथ तत्पर रहते हैं इसी कड़ी में आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि आगामी 6 अप्रैल को सालीवाडा शारदा मंदिर में आयोजित होने वाले मेले में सांसद नकुल नाथ शामिल होंगे जहां वे सर्वप्रथम शारदा माई मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना करेंगे तत्पश्चात मेला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे जिसकी समिति द्वारा अपनी तैयारियो प्रारंभ कर दी गई है सांसद नकुल नाथ के साली वाला शारदा मंदिर आगमन के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने गत सोमवार को हेलीपैड एवं आयोजन स्थल का मुआयना किया तथा आयोजन समिति के साथ मेला के संबंध में विभिन्न आयोजनों को लेकर विचार-विमर्श भी किया।

## कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही क्षेत्रीय कमेटियों

**छिन्दवाड़ा।** आगामी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को जमीनी स्तर पर कांग्रेस की क्षेत्रीय कमेटियां मजबूत कर रही है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी पूर्ण निष्ठा और इमानदारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ के हाथों को मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं। कांग्रेस की क्षेत्रीय कमेटियों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष, समन्वयक, बूथ पन्ना प्रभारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## महिलाओं के दो पक्षों में विवाद मारपीट में बदली

**अमरवाड़ा ।** थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम रिजोला में उषा पति रमेश अहिरवार निवासी रजोला और राजकन्या अहिरवार के बीच विवाद का चल रहा था अभी राजकन्या की तरफ से शिवम अहिरवार एवं ममता अहिरवार आ गए और उषा के साथ गाली लेकर झगड़ा कर रही थी तभी उषा की साथी पार्वती एवं शुभाष भी दौड़ कर आए और राजकन्या की पिटाई कर दी इस विवाद में दोनों पक्षों के तीन तीन व्यक्तियों के घायल होने की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा काउंटर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### बुजुर्ग पिता की पुत्र और पोते ने की पिटाई

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम खामी निवासी सरमन पिता उमेंद्र चंद्रवंशी उम्र 65 वर्ष जब गेहूं की गहानी चल रही थी मवेशियों के द्वारा गेहूं खिलाने के ऊपर से उसके पुत्र लेख राम एवं उसका पुत्र अंकित पिता लेख राम चंद्रवंशी दोनों ने मिलकर बुजुर्ग के साथ विवाद कर मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

#### बोलेरो की चपेट में आए बालक की हुई मौत

**अमरवाड़ा।** ग्राम पत्थर कटी ढाना मैं सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 39 बीबी 0791 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन से 2 वर्षीय बालक को मौत के घाट उतार दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थर कटी लहगदुआ का रहने वाला शील कुमार उईके दो वर्षीय पुत्र यस जब घर के आंगन के बाहर खेल रहा था तभी बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही से उसके ऊपर वाहन चढ़ा दिया घायल अवस्था में बालक को अस्पताल लाया जा रहा था तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई ग्राम वासियों में इस सड़क दुर्घटना से रोष व्याप्त है वही अमरवाड़ा थानेदार ओपी सनोडीया एक्सीडेंट का मामला धारा 304 ए में प्रकरण पंजीबद्ध कर बोलेरो चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

#### एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**अमरवाड़ा।** ग्राम थावड़ी कला में विगत दिवस मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 28 एंड 5276 के चालक ने सालीवाडा निवासी आशीष पिता रतनलाल परतेती को जोरदार टक्कर मारने से घायल कर दिया घायल अवस्था में उसका इलाज अस्पताल में चल रहा था जहां उसने आज दम तोड़ दिया उप निरीक्षक एसपी चौधरी ने बाइक चालक के विरुद्ध एक्सीडेंट मौत कारित का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## 13 अप्रैल को आयोजित होगा विशाल संत समागम



### गणेश मंदिर बिछुआ के संत समागम की तैयारियां जोरों पर, कई राज्यों से आएंगे साधु-संत

**बिछुआ ।** छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी अंचल बिछुआ विकासखंड बिछुआ में धर्म रक्षा की आलख जगाने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने वाली श्री गणेश मंदिर सेवा समिति के द्वारा आगामी 13 व 14 अप्रैल 2023 को विशाल संत समागम का आयोजन रखा गया है। सिद्ध योग मठ अखाड़ा के महामण्डेलश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की गणेश मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 13 अप्रैल दिन गुरूवार को आयोजित विशाल संत समागम में सिद्ध योग मठ अखाड़ा के आचार्य मण्डलेश्वर श्री श्री 1008 बालयोगी अलखनाथ औघड़ महाराज, अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा उज्जैन के महामण्डेलश्वर श्री श्री 1008 दादू जी महाराज, अखिल भारतीय संत समिति दिल्ली के राष्टीय संयोजक आचार्य शुभेश शर्मन, अखण्ड हिन्दुत्व महासभा असम के संत जानम स्वामी महाराज, जोधपुर के रामस्नेही संत गोविंदराम महाराज, पीतांबर पीठाश्वर बिलासपुर छत्तीसगढ़ के संत दिनेश महाराज, अंतर्राष्टीय ज्योतिषाचार्य संत केके स्वामी सहित अन्य कई राज्यों से संत का आगमन होगा। तो वहीं 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या में अनुप जलोटा के शिष्य बिहार के प्रसिद्ध भजन गायक रणजीत भारती अपनी प्रस्तुति देंगे। तो वहीं 14 अप्रैल को हरिनाम सप्ताह कीर्तन का रखा गया है, जिसमें कीर्तनकार हरिभक्त परायण सुरेन्द्रनाथ महाराज एवं साथियों के द्वारा प्रभु की महिमा का बखान करेंगे। आयोजन को लेकर गणेश मंदिर सेवा समिति के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के गणेश मंदिर समिति अध्यक्ष संजय चिंचोले ने कार्यक्रम में धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## कमलनाथ एवं नकुलनाथ की बुराई करने के बजाए छिंदवाड़ा का विकास करके दिखाए भाजपा: ओक्टे

### राहुल गाँधी की सदस्यता समाप्त किये जाने पर आग बबूला हुई कॉंग्रेस



**दमुआ ।** कॉंग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गाँधी की संसद सदस्यता रद्द होते ही कॉंग्रेस पार्टी ने बड़े ही आक्रमक अंदाज में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत कर दी है। कॉंग्रेस का मानना है कि जब सारी संवैधानिक संस्थाओं पर सरकार का हस्तक्षेप होने लगे तो वहाँ से न्याय की आशा करना व्यर्थ है। इससे देश के संविधान एवं लोकतंत्र के नष्ट होने का खतरा है। इसलिए इस अन्याय के ख़िलाफ़ अब सड़क पर आकर आंदोलन करना ही अंतिम विकल्प है। इसी कड़ी में कॉंग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ पूरे देश मे जय भारत सत्यग्रह आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी दमुआ एवं अनुसांगिक संगठनों के द्वारा जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन कर भाजपा सरकार एवं भाजपा नेताओं पर सीधा प्रहार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने भाजपा सरकार एवं विरोधियो पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने एक ओर जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ के सहयोग से क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए सैकड़ों करोड़ के कार्यों का हिसाब दिया वहीं दूसरी तरफ विकास यात्रा के दौरान उनके विरोधियों के द्वारा उनके ऊपर लगाए गए आरोपों का जबाब बड़े ही तीखे अंदाज में दिया। उन्होने भाजपा नेताओं पर यह कहकर तंज कसा की सत्ता जनता की सेवा के लिए होती है, परिचय यात्रा निकालने के लिए नही। विधायक श्री उईके ने सरकारी तंत्र को भी आड़े हांथों लेते हुए कहा कि सरकारी अधिकारी अपनी शपथ को भूलकर भाजपा नेताओं अधीन काम कर रहे है। वे चुने हुए जनप्रतिनिधि को छोड़कर नकारे हुए लोगों को आगे कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि छिंदवाड़ा में जितना भी विकास हुआ है वह सिर्फ और सिर्फ कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने कराया है। जिले की यूनिवर्सिटी एवं सिम्स हॉस्पिटल सांसद नकुलनाथ का सपना था जिसे भाजपा सरकार ने सत्ता पर काबिज होते ही पीछे ढकेल दिया है। शिवराज सरकार ने इस क्षेत्र की कन्हान काम्प्लेक्स योजना को छीनकर इस क्षेत्र सहित जिले के किसानों के साथ धोखा किया है। कार्यक्रम में ब्लॉक कॉंग्रेस जुन्नारदेव के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम तिवारी ने हिण्डन वर्ग की रिपोर्ट पर अडानी एवं केंद्र सरकार की हुई किरकिरी पर विस्तार से उपस्थित जनों को समझाते हुए बड़े ही चुटीले अंदाज में विरोधियो पर हमले किये। कार्यक्रम को प्रभारी हरि वर्मा, पर्यवेक्षक रिंकू नैयर, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य गुरुचरण खरे, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष विनोद निरापुरे, महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विनायका खरे, डॉक्टर नवीन कैलाश पथरोड, अरुणेश जयसवाल, अजय साहू, श्याम यदुवंशी, सोहन सरयाम, लौकेश धुर्वे सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उमरेठ पर्यवेक्षक छोटू पाठक ने किया एवं आभार प्रदर्शन नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष राजू सोलंकी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे महामहिम राष्टपति के नाम का एक ज्ञापन दमुआ तहसीलदार को एस डी ओ पी, के के अवस्थी एवं थाना प्रभारी अंजना मरावी की उपस्थिति में सौपा गया।

## कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कामगारों की पेंशन राशि बढ़ाने की रखी मांग

### सांसद नकुलनाथ ने कोयला मंत्री को लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा ।** कोल इंडिया से सेवानिवृत्त कामगारों के हितलाभों को दृष्टिगत रखते हुये जिले के संवेदनशील सांसद श्री नकुलनाथ ने एक अतिमहत्वपूर्ण पत्र केन्द्रीय कोयला मंत्री को लिखा है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से कोयला मंत्री को अवगत कराया कि विगत 25 वर्षों से सेवानिवृत्त कामगार पुरानी पेंशन ही प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि अभी तक उन्हें संशोधित पेंशन के लाभ से पूर्ण रूप से वंचित है, जो कि न्यायोचित नहीं है। कोल इंडिया में अपनी सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुये कामगारों को संशोधित पेंशन का लाभ नहीं दिया जाना पूर्णतः गलत है। सांसद नकुलनाथ ने केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी का पत्र के माध्यम से ध्यानकार्षण कराया कि मेरे संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के सेवानिवृत्त डब्ल्यूसीएल के एक प्रतिनिधि मंडल ने गत छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान मुझे से भेंट कर पेंशन से सम्बंधित समस्या से अवगत कराया। वर्ष 1998 से सेवानिवृत्त कोल इंडिया के कामगारों की पेंशन का निर्धारण किया गया था, उसी पेंशन राशि वर्तमान में भी भुगतान किया जा रहा है। जबकि एन.सी.डब्ल्यू.ए के प्रावधान के अनुसार वर्ष 1998 प्रति तीन वर्ष में पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी की जानी है। सांसद श्री नाथ ने अपने पत्र में आगे लिखा कि यह खेद का विषय है कि आज दिनांक तक सेवानिवृत्त कामगारों को न्यूनतम पेंशन राशि का ही भुगतान किया जा रहा है। संशोधित पेंशन राशि से आज भी सेवानिवृत्त कामगार वंचित है।सांसद नकुलनाथ ने केन्द्रीय कोयला मंत्री को लिखे अपने पत्र के अंत में अनुरोध पूर्वक लिखा कि वर्तमान में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित सम्पूर्ण सामग्री पर महंगाई छाई हुई है। अपने जीवन काल के 60 वर्ष कोल इंडिया में सेवा करने के उपरांत आज सेवानिवृत्त कामगारों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है, सिर्फ इसलिये, क्योंकि उन्हें संशोधित पेंशन का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।

## लाडली बहना योजना की जानकारी हेतु हुआ नुक्कड़ नाटक



**छिंदवाड़ा ।** जिला कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कल्पना तिवारी के मार्गदर्शन में शहर की अग्रणी नाट्य संस्था किरदार संस्थान द्वारा इन दिनों लाडली बहना योजना का प्रचार प्रसार शहर के विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। योजना की जानकारी देने हेतु किरदार संस्थान द्वारा छोटे छोटे समूह में गोष्टी, प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जा रहा है। किरदार संस्थान के सचिव ऋषभ स्थापक ने बताया कि सोमवार को किरदार संस्थान द्वारा डा पवन नेमा के निर्देशन में लालाबाग एवं रामबाग के क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नाटक में लाडली बहना योजना एवं बेटी बचाओ अभियान की जानकारी हास्य व्यंग्य के माध्यम से दी गई। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए भ्रूण परीक्षण ना कराने तथा नारी सम्मान एवं कन्या पूजन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही लाडली बहना योजना में पंजीयन की पूरी प्रक्रिया से विस्तृत जानकारी दी गई। प्रस्तुति में किरदार संस्थान अध्यक्ष डा पवन नेमा, सचिव ऋषभ स्थापक, तैयबा हुसैन, प्रदीप बंदेवार सहित नगर निगम से हरीश गोदरे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मप्र शासन में अपने चहेतों के वाहनों को किराये पर लगाकर अधिकारी कर रहे लूटः पुनीत टंडन

## सरकारी विभागों में प्रायवेट गाड़ियाँ लगाकर हो रहा है लाखों का भ्रष्टाचार

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस आईटी विभाग के अध्यक्ष पुनीत टंडन एवं प्रभारी जेपी धनोपिया ने आरोप लगाया है कि मध्यप्रदेश में सरकारी वाहनों के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटाई जा रही है। शासकीय नियमों एवं प्रावधानों की खुली धज्जियां उड़ाते हुए भाजपा सरकार के मंत्रियों का स्टाफ एवं उनके विभागों के अधिकारियों को मिले प्रायवेट वाहनों पर नियम विरूद्ध तरीके से हर माह लाखों रूपये की राशि खर्च की जा रही है।

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों में विशेष सहायक मंत्री लोक निर्माण विभाग मप्र शासन के वाहन इनोवा क्रमांक एमपी04 बीसी 5587 / एमपी 20 सीई 1001 का भुगतान 90,355/- रू. एक माह में किया गया, जबकि एक गाड़ी इनोवा किस्टा है, दूसरी फॉर्च्युनर वाहन शामिल है। विशेष सहायक मंत्री लोक निर्माण विभाग में गाड़ी नंबर एमपी04 बीसी 7223 का भुगतान एक माह का रू. 96 हजार 617 रू. किया गया है। जबकि यह गाड़ी भी इनोवा किस्टा है, और ये गाड़ियां आरटीओ की वेबसाईट पर रामनरेश नामक व्यक्ति के प्राईवेट नंबरों पर दर्ज है, जबकि नियमानुसार शासकीय कार्यों के लिए टेक्सी कोटे की गाडी लगाये जाने का प्रावधान निर्धारित है।



आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज बताते हैं कि किस तरह करोड़ों रुपए की लूट हो रही है। इसमें अधिकारी वर्ग भी शामिल है, जो हर महीने 3000 किलोमीटर तक घूम रहे हैं, जबकि निर्धारित पात्रता 1000 किलोमीटर की है। मंत्रियों के आधा दर्जन से ज्यादा वाहन 7000 किलोमीटर से अधिक तक हर माह चल रहे हैं, जिनका भुगतान भी निर्धारित किराये 47245 रू. के बाद अतिरिक्त लगभग 10 रू. प्रतिकिलोमीटर किया गया जा रहा है।

सबसे पहले वित्त विभाग के सर्कुलर पर नजर डालते हैं। वित्त विभाग के तत्कालीन सचिव द्वारा जारी सर्कुलर हमें उपलब्ध कराया गया है वह वर्ष 2012 का है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि आज भी यही प्रक्रिया लागू है। इसमें शासकीय अधिकारियों को अधिकतम 10 लाख रू. की कीमत वाले वाहनों में चलने की पात्रता है, लेकिन ज्यादातर अधिकारी 20 लाख रू. से ऊपर की गाड़ियों में चल रहे हैं, वहीं 1000 किलोमीटर प्रतिमाह की सीमा तय है, लेकिन अनुबंध पत्रों में 2000 किलोमीटर रखी गई है। कुछ अनुबंध तो 3000 किलोमीटर के किए गए हैं। वहीं मंत्रियों की बात करें तो मंत्रियों को आवंटित वाहनों के अलावा विशेष सहायक और अवर सचिव के नाम से वाहन आवंटित होते हैं, जिनका उपयोग मंत्री कार्यालय के लिए किया जाना अनुबंध में लिखा गया है।

वहीं जल संसाधन विभाग से मिले दस्तावेज में दो वाहन मंत्री जी और एक वाहन राज्यमंत्री के नाम है, वही एक वाहन अवर सचिव को आवंटित वाहन का उपयोग मंत्री कार्यालय के लिए है, ऐसा अनुबंध में उल्लेख है। अनुबंध अनुसार एक ही कार्यालय में एक कार्यपालन यंत्री 54 हजार रू. गाड़ी का भुगतान करते हैं, वहीं उसी कार्यालय में एक कार्यपालन यंत्री द्वारा 27500 रू. भुगतान किया जाता है। वहीं जल संसाधन विभाग से प्राप्त बिल जिसमें गाड़ी नंबर एमपी04 बीसी 6074 वर्ष 01.01.2022 से 31.01.2022 तक एक माह के लिए 2000 किलोमीटर तक का भुगतान 59448 रू. निर्धारित है, इसके अलावा अतिरिक्त चलने पर 16 रू. प्रतिकिलोमीटर के मान से 4890 किलोमीटर अतिरिक्त चलाकर उसका भुगतान 78240 रू. अतिरिक्त के साथ कुल भुगतान 1037688 रू. किया गया। साथ ही गाड़ी नंबर एमपी09 बीसी 6675 जिसका अनुबंध के अनुसार एक माह का 84520 रू. भुगतान किया गया है। इसी तरह एमपी 04 टीबी 6074 जिसका भुगतान निर्धारित किराये 84520 के साथ अतिरिक्त 1538 किलोमीटर का भुगतान लगभग 19.50 रू. के मान से 29991रू. अतिरिक्त के साथ कुल भुगतान 114511 रू. किया गया, जबकि एक तरफ लोक निर्माण विभाग गाडी अतिरिक्त चलने पर प्रतिकिलोमीटर 9.90 रू. कर रहा है, वहीं जल संसाधन विभाग द्वारा अतिरिक्त चलने पर 16 एवं 19.90 रू. प्रतिकिलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा है विभागों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार का कहीं न कहीं एक बड़ी जांच का विषय है।

शासन के नियमों और प्रावधानों का खुला उल्लंघन हो रहा है। जनता के पैसे का खुला दुरुपयोग हो रहा है। एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार पर करोड़ों रुपए का करोड़ों रूपयों का कर्ज है, उसके बाद शासन में बैठे अधिकारियों द्वारा जनता के पैसे का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि फर्जी बिलों के माध्यम से भी करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हो रहा है, जिन अधिकारियों को पात्रता नहीं है उसके बाद भी मनमर्जी से लाखों रुपए महीने का भुगतान कर रहे हैं। हमारी मांग है कि वाहन आवंटन की पूरी जांच, भुगतान किए गए समस्त बिल-बाउचरों एवं नियमानुसार वाहन लगाए जाने की प्रक्रिया की जांच हो। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो एवं शासन को जो आज तक करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, उसकी भी भरपाई हो एवं पूरे प्रकरण की ईओडब्ल्यू लोकायुक्त से जांच कराई जाए ताकि करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार उजागर हो सके।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, खिरनी और गुलमोहर के पौधे लगाए। पूर्व सांसद आलोक संजर ने अपने जन्मदिवस पर पौधरोपण किया।

# 10 लाख कर्मचारी दे रहे हैं सरकार को टैक्स, नहीं मिल रहा ओपीएस का लाभ

**भोपाल।** प्रदेश के 10 लाख कर्मचारी सरकार को कर देते हैं लेकिन सरकार संविधान में प्रावधान होने के बावजूद भी प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ नहीं दे रही है मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र सौंपकर मांग करी है कि प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों को कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे राज्य सरकार के कर का आंकलन करके तत्काल प्रदेश केंद्रीय एनपीएस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ दिया जाए।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में कर्मचारी और पेंशनर 19प्रतिशत कर सरकार को दे रहे हैं जिनकी संख्या वित्तीय वर्ष 2022 ,23 में 1,28,20,647 है यह बात देश के केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान लिखित में जानकारी देकर बताया है वहीं मध्य प्रदेश का 10 लाख कर्मचारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार को कर दे रहा है यदि कर्मचारियों और पेंशनरों द्वारा केंद्र और राज्य सरकार को दिए जा रहे कर की राशि और प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ दिए जाने वाली राशि का आकलन किया जाए तो कर्मचारियों को ओ पी एस का लाभ देने में सरकार को कोई वित्तीय भार नहीं आएगा फिर भी सरकार प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करके एंन पी एस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस के लाभ से वंचित रख रही है जिस कारण प्रदेश के एनपीएस धारक 5 ,50 लाख कर्मचारियों में सरकार के विरुद्ध भयंकर असंतोष व्याप्त है अब कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि यदि मुख्यमंत्री ओ पी एस के मांग पत्र को संज्ञान में नहीं लेंगे तो प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों के साथ ही प्रदेश का ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे कर्मचारी और पेंशनर भी आंदोलन की रास्ते पर आएंगे।

# मध्यप्रदेश सरकार पर लोगों के गुस्से को कम करेंगे 16 लाख भाजपाई, विकास यात्रा के विरोध की होगी भरपाई



**भोपाल।** बीजेपी ने चुनाव से पहले लोगों को अपना विकास दिखाने के लिए विकास यात्रा निकाली, लेकिन इस विकास यात्रा में विकास कम और विरोध ज्यादा नजर आया। कहीं ये विरोध अगली सरकार के लिए अवरोध ना बन जाए, इसके लिए बीजेपी ने बड़ा प्लान तैयार किया है। प्रदेश में 16 लाख लोग इस विरोध को खत्म करने के लिए लगाए जा रहे हैं। क्या है ये पूरा प्लान आइए आपको बताते हैं।

बीजेपी की नई चुनावी रणनीति की कहानी विकास यात्राओं से शुरु होती है। हाल ही में बीजेपी के विधायकों और नेताओं ने पूरे प्रदेश में विकास यात्रा निकाली। मकसद साफ था लोगों को चुनाव के पहले सरकार का विकास दिखाना। विकास के नाम पर यात्रा निकली तो लोग भड़के और विरोध शुरु हो गया। कई नेताओं को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा। बीजेपी संगठन ने इसे गंभीरता से लिया और अपने लिया चुनाव के पहले मिले फीडबैक को संजीवनी बता दिया।

**बुजुर्गों की नाराजगी भी दूर होगी–** बीजेपी अपने बुजुर्ग नेताओं की नाराजगी भी दूर करने जा रही है। बीजेपी के नए कार्यालय के भूमिपूजन में कुछ वरिष्ठ नेता दिखाई नहीं दिए। इनमें रघुनंदन शर्मा, सुमित्रा महाजन,कृष्ण मुरारी मोघे और विक्रम वर्मा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। प्रदेश की राजनीति में हाशिए पर पहुंचे ये नेता पार्टी से नाराज नजर आ रहे हैं।

### बीजेपी के स्पेशल 16 लाख

कहानी यहां से आगे बढ़ती है। संगठन ने इस विरोध को समर्थन में बदलने की तैयारी की। इसके लिए बूथ विस्तारक अभियान सीजन-2 शुरू किया गया। इसके लिए बूथ पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सभी बड़े नेता गए और वहां समय भी गुजारा। इसके लिए एक और बड़ा प्लान तैयार किया गया। बीजेपी ने पन्ना प्रमुख से भी छोटी इकाई बना दी। अब अर्ध पन्ना प्रभारी की नियुक्ति कर दी गई है। हर बूथ पर एक पन्ने के 2 पेज के 2प्रभारी होंगे। एक पृष्ठ प्रमुख उस पेज पर लिखे हुए 30 लोगों से संपर्क करेगा। इस व्यक्तिगत संपर्क से उनके मन के भाव जानेगा और उनको दूर करने की कोशिश करेगा। ये पेज प्रभारी उसी पेज के 30 लोगों में से एक होगा। प्रदेश की वोटर लिस्ट में करीब 16 लाख पेज हैं। इस हिसाब से पूरे प्रदेश में बीजेपी के 16 लाख कार्यकर्ता तैनात होंगे जो इस विरोध को दूर करेंगे।

## वरिष्ठों को मिलेगी चुनावी जिम्मेदारी

पार्टी अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव के समय प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपने जा रही है। इसके अलावा जो नेता और कार्यकर्ता टिकट ना मिलने से नाराज होकर प्रदेश मुख्यालय तक आएंगे और भी ये वरिष्ठ नेता संतुष्ट करेंगे।

# कहीं टंकी, पहाड़ तो कहीं पेड़ पर चढ़कर करना पड़ रहा लाड़ली बहना का पंजीयन



**बाजना, रतलाम।** आदिवासी अंचल के गांवों में लाड़ली बहना योजना के फार्म आनलाइन भरने के लिए कर्मचारी काफी मशक्कत और जतन करना पड़ रहे हैं। कहीं पेयजल टंकी पर तो कहीं पेड़ पर चढ़कर पंजीयन का कार्य सचिवों, सहयोगियों द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत जाम्बूखादन के ग्राम कानवा छावनी में नेटवर्क प्राब्लम से पेड़ पर चढ़कर लाड़ली बहना के आवेदन भरने का कार्य सचिव बीएल देवड़ा, सहयोगी मोबलाइजर तारा बहन, सरपंच मानसिंह डामर द्वारा किया जा रहा है। सचिव बीएल देवड़ा ने बताया कि नीचे बैठकर कार्य करने पर बार-बार नेटवर्क नो कनेक्शन आता है।

ऐसी स्थिति में पेड़ पर बैठकर ही कार्य करना उचित समझा। आज पेड़ पर चढ़ने के बाद से नौ पंजीयन हुए हैं। अब तक 189 पंजीयन हो चुके हैं। ऐसी ही स्थिति केलकच्छ, मानपुरा, झरनिया पंचायत में भी है। इसके चलते मोबाइलाइजर कभी ऊंची टेकरी तो कभी पहाड़ पर चढ़कर पंजीयन कर रहे हैं। जनपद सीईओ अल्फिया खान ने बताया कि नेटवर्क की समस्या सभी जगह है।

## ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नील सागर कॉलोनी नाथू बरखेड़ा में रविवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। युवक को उसके साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से डॉक्टर ने हमीदिया ले जाने की सलाह दे दी। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार है। एएसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि राजेश बंजारा तिपा बाबूलाल बंजारा (21) नील सागर कॉलोनी मकान नंबर 22, नाथू बरखेड़ा में रहता था। रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह नाथू बरखेड़ा से नीलबड़ चौराहे की तरफ अपने घर आ रहा था। इसी बीच डीपीएस झुग्गी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। पास ही रहने वाले उसके दोस्त उसे लेकर निजी अस्पताल गए। वहां स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर ने हमीदिया ले जाने की सलाह दी, हमीदिया ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड दिया।
















